सत्यमेव जयते

राजस्थान सरकार

# वार्षिक प्रशासनिक प्रतिवेदन

# 2022-23




## राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर

(केवल कार्यालय उपयोग हेतु)

राजस्थान सरकार

सत्यमेव जयते

# राजस्व मण्डल राजस्थान

# अजमेर

# 2022—2023

# वार्षिक प्रशासनिक प्रतिवेदन

(केवल कार्यालय उपयोग हेतु)

## -: आमुख :-

राजस्व संबंधी वादों के निस्तारण में राजस्व मण्डल की महत्वपूर्ण भूमिका है। राजस्व मण्डल-राजस्व संबंधी वादों का शीर्ष न्यायालय है तथा अधीनस्थ राजस्व न्यायालयों के प्रशासनिक नियंत्रक के रूप में कार्यरत है। भू-राजस्व, उपनिवेशन, काश्तकारी-अधिनियम, सीलिंग, जागीर, भूमि रूपान्तरण अधिनियम एवं अन्य विविध मामले निपटाने संबंधी न्यायिक कार्य राजस्व मण्डल द्वारा किये जा रहे हैं। राजस्व मण्डल में आने वाले काश्तकारों एवं आम नागरिकों को उनके वाद से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से मण्डल कार्यालय में टचस्क्रीन की स्थापना की गयी है, जिससे काश्तकार, आम नागरिक, वकील लाभान्वित हो रहे हैं।

राजस्व मामलों का शीर्षस्थ न्यायालय होने के साथ-साथ मण्डल, राज्य सरकार की एक प्रमुख प्रशासनिक संस्था भी है। राजस्व मण्डल द्वारा भू-अभिलेख संधारण के पर्यवेक्षण का कार्य भी किया जाता है। राजस्थान तहसीलदार सेवा के अधिकारीगणों के पदस्थापन, स्थानान्तरण आदि का प्रशासनिक नियंत्रण मण्डल द्वारा ही किया जा रहा है।

कृषि सांख्यिकी के अन्तर्गत भू-उपयोग सम्बंधी आंकडों का एकत्रीकरण एवं विश्लेषण संबंधी कार्य, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत राजस्थान के समस्त 33 जिलों में पटवार/तहसील स्तर पर फसल कटाई प्रयोगों के आधार पर औसत उपज व कुल उत्पादन अनुमान एवं खरीफ एवं रबी मौसम की मुख्य फसलों के पूर्वानुमान तैयार किये जाने का कार्य भी राजस्व मण्डल द्वारा किया जा रहा है।

राजस्थान के सभी 33 जिलों में राजस्व रिकॉर्ड के ऑनलाइन का कार्य तीव्रगति से चलाया जा रहा है। साथ ही राज्य के भू-अभिलेखों हेतु आधुनिक रिकॉर्ड रूम व नक्शों के डिजिटाइजेशन का कार्य कृषकों एवं भूमिधारकों के हित में किया जा रहा है।

प्रशासनिक प्रतिवेदन में मण्डल द्वारा सम्पादित किये जाने वाले विभिन्न कार्यो एवं उपलब्धियों को सम्मिलित किया गया है। मुझे आशा है कि विभाग का प्रशासनिक प्रतिवेदन वर्ष 2022-23 समस्त संबंधितों के लिये उपयोगी एवं सार्थक सिद्ध होगा।

(अपर्णा अरोड़ा)
अतिरिक्त मुख्य सचिव
राजस्व विभाग राजस्थान
जयपुर

# अनुक्रमणिका


| क्र.सं. | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1 | प्रशासनिक संरचना | 1—10 |
| 2 | न्यायिक व्यवस्था | 10 |
| 3 | भू—अभिलेख | 11—16 |
| 4 | राजस्थान तहसीलदार सेवा सवंर्ग | 16—18 |
| 5 | निरीक्षण | 18 |
| 6 | वित्त एवं लेखा | 19—23 |
| 7 | राविरा | 24 |
| 8 | कृषि सांख्यिकी | 24—27 |
| 9 | याचिका | 27—28 |
| 10 | संगणक संबंधी कार्यकलाप | 28—31 |
| 11 | विभागीय जांच | 31—32 |
| 12 | पुस्तकालय | 32 |
| 13 | अभिलेखागार | 32—33 |
| 14 | स्टोर | 33 |
| 15 | गोपनीय | 34—35 |
| 16 | कृषि गणना योजना | 35—37 |
| 17 | लघु सिंचाई योजना | 37—38 |
| 18 | परिशिष्ट ''अ'' | 39 |
| 19 | परिशिष्ट ''ब'' | 40 |
| 20 | परिशिष्ट ''स'' | 41 |
| 21 | परिशिष्ट ''द'' | 42 |
| 22 | परिशिष्ट ''य'' | 43—46 |
| 23 | परिशिष्ट ''र'' | 47 |
| 24 | परिशिष्ट ''ल'' | 48 |
| 25 | परिशिष्ट ''व'' | 49 |
| 26 | परिशिष्ट—'स' | 50 |


# राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर

राजस्व मामलों में शीर्षस्थ न्यायालय एवं राजस्व प्रशासन के लिये प्रमुख नियामक एवं नियंत्रक के रुप में राजप्रमुख के अध्यादेश संख्या 12 वर्ष 1949 दिनांक 12.08.1949 के तहत दिनांक 01.11.1949 को राजस्व मण्डल राजस्थान अजमेर की स्थापना हुई। सन् 1956 में उक्त अध्यादेश के स्थान पर राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 लागू किया गया। इस अधिनियम के तहत राजस्व मण्डल राजस्व मामलों में अपील, निगरानी तथा संदर्भ के शीर्षस्थ न्यायालय एवं अधीनस्थ न्यायालयों के प्रशासनिक नियंत्रक के रुप में कार्यरत है। यह भू–प्रबन्ध से संबंधित न्यायिक मामलों का भी शीर्ष न्यायालय है। राजस्व मामलों की शीर्षस्थ संस्था होने के कारण कालांतर में राजस्व मण्डल को विभिन्न अधिनियमों में राज्य सरकार को प्रदत्त शक्तियॉ भी हस्तान्तरित कर दी गई।

राजस्व मामलों में शीर्षस्थ न्यायालय होने के साथ–साथ राजस्व मण्डल विभिन्न अधिनियमों के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए भी राज्य सरकार की एक प्रमुख प्रशासनिक संस्था है। विभिन्न अधिनियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों के क्रियान्वयन में राजस्व मण्डल प्रशासनिक विभाग की ओर से सक्रिय भूमिका निभाता है तथा राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व करता है। राजस्व मण्डल द्वारा भू–अभिलेख संधारण के पर्यवेक्षण का कार्य भी किया जाता रहा है।

## 1.1 प्रशासनिक संरचना :—

राजस्व संबंधी कार्यो के लिये राजस्व मण्डल राज्य का उच्चतर न्यायालय है तथा इसका कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण राजस्थान है। प्रशासनिक दृष्टि से भी समस्त अधीनस्थ कार्यालयों पर मण्डल का नियंत्रण है।



1.2 दिनांक 01.01.2022 से 31.12.2022 तक की अवधि में अध्यक्ष, सदस्यगण एवं निबन्धक के पद पर कार्यरत अधिकारियों का विवरण **परिशिष्ट 'अ'** पर उपलब्ध है।

## 1.3 विगत तीन वर्षो से तुलना

| क्र. स. | प्रशासन का कार्य | **वर्ष 2019-20 से 2021-22 (विगत तीन वर्ष )** | **वर्ष 2022-23** |
|---|---|---|---|
| 1 | पदोन्नति | **वर्ष 2019-20**<br>राजस्व मण्डल में स्वीकृत निजी सचिव, अतिरिक्त निजी सचिव, सहायक प्रशासनिक अधिकारी पद की वर्ष 2019-20 तक की डीपीसी का आयोजन किया जा चुका है।<br>समस्त राजस्थान के अधिकांश जिला कलक्टर कार्यालयों में स्वीकृत अति0 प्रशासानिक अधिकारी पदो की वर्ष 2019-20 तक की पदोन्नति दी चुकी है।<br>**वरिष्ठ लिपिक**<br>वरिष्ठ लिपिक_की वर्ष 2019-20 तक की नियमित डीपीसी का आयोजन कराया जा चुका है।<br>कनिष्ठ लिपिक<br>कनिष्ठ लिपिक पद पद पदोन्नति हेतु कनिष्ठ लिपिक के कुल स्वीकृत पदो का 15 प्रतिशत पद चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सेवा सवंर्ग के कार्मिको से भरे जाने का प्रावधान है। पदोन्नति कोटे रिक्त उपलब्ध पदो के आधार पर कनिष्ठ लिपिक पद की वर्ष 2019-20 तक की नियमित डीपीसी का आयोजन कराया जा चुका है।<br>**वर्षः- 2020-21**<br>मण्डल में अति0 प्रशासनिक अधिकारी, सहायक प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ लिपिक पद की वर्ष 2020-21 तक की डीपीसी का आयोजन किया जा चुका है।<br>सहायक प्रशासनिक अधिकारी एवं वरिष्ठ सहायक की वर्ष 2015-16 से | **वर्षः- 2022-23**<br>मण्डल के संस्थापन अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, अति0 प्रशासनिक अधिकारी, सहायक प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ सहायक,कनिष्ठ सहायक, अतिरिक्त निजी सचिव, निजी सहायक एवं जमादार पद की वर्ष 2022-23 तक की डीपीसी का आयोजन किया जा चुका है।<br><br>**कनिष्ठ सहायक**<br>कनिष्ठ सहायक पद पद पदोन्नति हेतु कनिष्ठ सहायक के कुल स्वीकृत पदो का 15 प्रतिशत पद चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सेवा सवंर्ग के कार्मिको से भरे जाने का प्रावधान है। पदोन्नति कोटे रिक्त उपलब्ध पदो के आधार पर कनिष्ठ सहायक पद की वर्ष 2022-23 तक की नियमित डीपीसी का आयोजन कराया जा चुका है। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | 2020–21 तक की रिव्यू डी0प0सी0 का आयोजन किया जा चुका हैं।<br>कनिष्ठ लिपिक<br>कनिष्ठ लिपिक पद पद पदोन्नति हेतु कनिष्ठ लिपिक के कुल स्वीकृत पदो का 15 प्रतिशत पद चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सेवा सवंर्ग के कार्मिको से भरे जाने का प्रावधान है। पदोन्नति कोटे रिक्त उपलब्ध पदो के आधार पर कनिष्ठ लिपिक पद की वर्ष 2020–21 तक की नियमित डीपीसी का आयोजन कराया जा चुका है।<br><br>**वर्षः– 2021–22**<br><br>मण्डल में अति0 प्रशासनिक अधिकारी, सहायक प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ सहायक,कनिष्ठ सहायक, निजी सचिव, अतिरिक्त निजी सचिव, निजी सहायक पद की वर्ष 2021–22 तक की डीपीसी का आयोजन किया जा चुका है।<br><br>**कनिष्ठ सहायक**<br><br>कनिष्ठ सहायक पद पद पदोन्नति हेतु कनिष्ठ सहायक के कुल स्वीकृत पदो का 15 प्रतिशत पद चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सेवा सवंर्ग के कार्मिको से भरे जाने का प्रावधान है। पदोन्नति कोटे रिक्त उपलब्ध पदो के आधार पर कनिष्ठ सहायक पद की वर्ष 2021–22 तक की नियमित डीपीसी का आयोजन कराया जा चुका है। | |
| 2 | वरिष्ठता सूची | **वर्षः– 2019–20**<br><br>निजी सचिव, अतिरिक्त निजी सचिव, निजी सहायक, शीघ्र लिपिक एवं सहायक प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ सहायक एवं कनिष्ठ सहायक पद की | **वर्षः– 2022–23**<br><br>निजी सचिव, अतिरिक्त निजी सचिव, निजी सहायक, शीघ्र लिपिक, प्रशासनिक अधिकारी, अति प्रशासनिक अधिकारी, सहायक प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | दिनांक 01.04.19 की स्थिति की अंतिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया जा चुका है। राजस्व मण्डल अजमेर, जिला कलक्टर कार्यालयों, उपनिवेशन विभाग, भू प्रबंध विभाग एवं संभागीय आयुक्त कार्यालयों के अति प्रशासनिक अधिकारी की दिनांक 01.04.2019 की स्थिति की अंतिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया जा चुका है।<br><br>**<u>वर्षः– 2020–21</u>**<br><br>निजी सचिव, अतिरिक्त निजी सचिव, निजी सहायक, शीघ्र लिपिक,अति प्रशासनिक अधिकारी, सहायक प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ सहायक, कनिष्ठ सहायक, जमादार, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं वाहन चालक पद की दिनांक 01.04.2020 की स्थिति की अंतिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया जा चुका है।<br>राजस्व मण्डल अजमेर, जिला कलक्टर कार्यालयों, उपनिवेशन विभाग, भू प्रबंध विभाग एवं संभागीय आयुक्त कार्यालयों के अति प्रशासनिक अधिकारी की दिनांक 01.04.2020 की स्थिति की अंतिम वरिष्ठता सूची (समेकित) का प्रकाशन किया जा चुका है।<br><br>**<u>वर्षः– 2021–22</u>**<br><br>निजी सचिव, अतिरिक्त निजी सचिव, निजी सहायक, शीघ्र लिपिक,अति प्रशासनिक अधिकारी, सहायक प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ सहायक, कनिष्ठ सहायक, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं वाहन चालक पद की दिनांक 01.04.2021 की स्थिति की अंतिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया जा चुका है। | सहायक, कनिष्ठ सहायक, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं वाहन चालक पद की दिनांक 01.04.2022 की स्थिति की अंतिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया जा चुका है।<br>राजस्व मण्डल अजमेर, जिला कलक्टर कार्यालयों, उपनिवेशन विभाग, भू प्रबंध विभाग एवं संभागीय आयुक्त कार्यालयों के अति प्रशासनिक अधिकारी की दिनांक 01.04.2022 की स्थिति की अंतिम वरिष्ठता सूची (समेकित) का प्रकाशन किया जा चुका है। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | राजस्व मण्डल अजमेर, जिला कलक्टर कार्यालयों, उपनिवेशन विभाग, भू प्रबंध विभाग एवं संभागीय आयुक्त कार्यालयों के अति प्रशासनिक अधिकारी की दिनांक 01.04.2021 की स्थिति की अंतिम वरिष्ठता सूची (समेकित) का प्रकाशन किया जा चुका है। | |
| 3 | नियुक्तियां | वर्षः-2019-20<br><br>दिनांक 01.01.19 से 31.12.19 तक राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित कनिष्ठ लिपिक प्रतियोगी परीक्षा 2013 में चयनित 27 अभ्यर्थियो को नियुक्तियां दी गयी है।<br>दिनांक 01.01.19 से 31.12.19 की अवधि मे मण्डल द्वारा 02 अभ्यर्थियों को अनुकम्पात्मक नियुक्ति नियमो के तहत 1 को कनिष्ठ सहायक एवं 1 को चतुर्थ श्रेणी संवर्ग के पद पर पर नियुक्ति दी है।<br><br>वर्षः-2020-21<br><br>दिनांक 01.01.2020 से 31.12.2020 की अवधि मे मण्डल द्वारा राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित कनिष्ठ सहायक संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा 2018 से चयनित 39, बैकलॉग के पदों पर चयनित 17, दिव्यांग कोटे से चयनित 02 अभ्यर्थियों एवं राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित कनिष्ठ सहायक संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा 2013 से चयनित 09 को कनिष्ठ सहायक पद पर नियुक्ति आदेश जारी किए गये।<br>इसके अतिरिक्त मृतक आश्रित अनुकम्पात्मक नियुक्ति नियम 1996 के तहत 02 को कनिष्ठ लिपिक के पद पर | वर्षः-2022-23<br><br>दिनांक 01.01.2022 से 12.12.2022 की अवधि मे मण्डल द्वारा राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित शीघ्रलिपिक संयुक्त भर्ती परीक्षा 2018 से चयनित 29 अभ्यर्थियों को शीघ्रलिपिक पद पर नियुक्ति आदेश जारी किए गये एवं इसके अतिरिक्त मृतक आश्रित अनुकम्पात्मक नियुक्ति नियम 1996 के तहत 02 को सहायक कर्मचारी के पद पर नियुक्ति दी गई। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | तथा 01 को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नियुक्ति दी गई।<br><br>**<u>वर्षः–2021–22</u>**<br><br>दिनांक 01.01.2021 से 31.12.2021 की अवधि मे मण्डल द्वारा राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित कनिष्ठ सहायक संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा 2018 से चयनित 04 अभ्यर्थियों को कनिष्ठ सहायक पद पर नियुक्ति आदेश जारी किए गये। | |
| 4. | सूचना का अधिकार | आलौच्य अवधि के दौरान सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्राप्त आवेदन पत्रों का समय पर निस्तारण किया गया है। | आलौच्य अवधि के दौरान सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्राप्त आवेदन पत्रों का समय पर निस्तारण किया गया है। |

## 1.4 राजस्व मण्डल, अजमेर में स्वीकृत एवं रिक्त राजपत्रित पदों का विवरण :

| S. No. | Name of the Post | Total No. of Posts | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Sanctioned | Filled | Vacant |
| 1 | अध्यक्ष | 1 | 1 | 0 |
| 2 | सदस्य | 20 | 16 | 4 |
| 3 | निबन्धक | 1 | 1 | 0 |
| 4 | निबन्धक (laara) | 1 | 1 | 0 |
| 5 | राजस्व अपील अधिकारी | 14 | 14 | 0 |
| 6 | अति. निबन्धक | 1 | 0 | 1 |
| 7 | वित्तीय सलाहकार / अति. निबन्धक | 1 | 0 | 1 |
| 8 | उप–निबन्धक | 3 | 2 | 1 |
| 9 | संयुक्त निदेशक सांख्यिकी | 1 | 1 | 0 |
| 10 | संयुक्त निदेशक कम्प्यूटर | 1 | 1 | 0 |
| 11 | सहायक निदेशक सांख्यिकी | 1 | 1 | 0 |
| 12 | उप वित्तीय सलाहकार | 1 | 1 | 0 |
| 13 | संस्थापन अधिकारी | 6 | 0 | 6 |
| 14 | प्रशासनिक अधिकारी | 17 | 2 | 15 |
| 15 | अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी | 28 | 27 | 1 |
| 16 | सांख्यिकी अधिकारी | 2 | 2 | 0 |
| 17 | मुख्य लेखाधिकारी | 1 | 1 | 0 |
| 18 | लेखाधिकारी | 3 | 2 | 1 |
| 19 | सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I | 7 | 10 | -3 |
| 20 | उप विधी परामर्शी | 2 | 2 | 0 |
| 21 | सहा. विधि परामर्शी | 1 | 1 | 0 |
| 22 | तहसीलदार | 5 | 3 | 2 |
| 23 | सहायक राजस्व लेखाधिकारी ग्रेड–I | 5 | 6 | -1 |
| 24 | वरिष्ठ विधि अधिकारी | 1 | 1 | 0 |
| 25 | निजी सचिव | 7 | 6 | 1 |
| 26 | अति0 निजी सचिव | 15 | 12 | 3 |
| 27 | एनालिस्ट कम प्रोग्रामर | 1 | 1 | 0 |
| 28 | प्रोग्रामर | 2 | 2 | 0 |
| 29 | जन सम्पर्क अधिकारी | 1 | 1 | 0 |
| | **कुल** | **150** | **118** | **32** |

## 1.5 राजस्व मण्डल अजमेर में स्वीकृत एवं रिक्त अराजपत्रित पदों का विवरण :–

| S. No. | Name of the Post | Total No. of Posts | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Sanctioned | Filled | Vacant |
| 1 | विधि सम्पादक | 1 | 0 | 1 |
| 2 | पुस्तकालयाध्यक्ष | 1 | 0 | 1 |
| 3 | सम्पादक राविरा | 1 | 0 | 1 |
| 4 | राजकीय अधिवक्ता | 1 | 1 | 0 |
| 5 | अति. राजकीय अभिभाषक | 1 | 1 | 0 |
| 6 | उप राजकीय अभिभाषक | 11 | 10 | 1 |
| 7 | सहायक प्रशासनिक अधिकारी | 72 | 27 | 45 |
| 8 | सहायक सांख्यिकी अधिकारी | 9 | 9 | 0 |
| 9 | सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–ाा | 3 | 9 | -6 |
| 10 | क0 लेखाकार | 16 | 1 | 15 |
| 11 | क0 विधि अधिकारी | 1 | 1 | 0 |
| 12 | निजी सहायक | 11 | 02 | 09 |
| 13 | शीघ्रलिपिक | 19 | 19 | 0 |
| 14 | कनिष्ठ सहायक | 74 | 55 | 19 |
| 15 | वरिष्ठ सहायक | 83 | 48 | 35 |
| 16 | संगणक | 8 | 0 | 8 |
| 17 | पटवारी | 1 | 1 | 0 |
| 18 | वाहन चालक | 12 | 5 | 7 |
| 19 | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | 73 | 12 | 61 |
| 20 | जमादार | 22 | 14 | 08 |
| 21 | सहायक प्रोग्रामर | 6 | 11 | -5 |
| 22 | सूचना सहायक | 13 | 10 | 3 |
| 23 | जनरेटर ऑपरेटर | 1 | 1 | 0 |
| **कुल** | | **440** | **237** | **203** |

1.6 मण्डल द्वारा वर्ष 2021 एवं 2022 में आयोजित सर्वश्रेष्ठ निर्णय एवं सर्वश्रेष्ठ निबंध प्रतियोगिता में चयनित प्रविष्टियों को दिनांक 25 नवम्बर 2022 को राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया जाकर सम्मानित किया जा चुका हैं, साथ ही दिनांक 23 से 25 नवम्बर 2022 राज्य स्तरीय निर्णय लेखन कार्यशाला का आयोजन किया गया।

दिनांक 08.07.2022 से 08.08.2022 तक राजस्व वन महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त राजस्व कार्यालयों यथा जिला कलक्टर कार्यालय, उपखण्ड अधिकारी कार्यालय, तहसील कार्यालय, उप–तहसील कार्यालय, भू–अभिलेख निरीक्षक कार्यालय एवं पटवार मण्डल

कार्यालय में सघन वृक्षारोपण का कार्य किया गया, एवं वृक्षारोपण उपरांत पौधे जीवित रहे एवं विकसित हो इसकी भी समुचित व्यवस्था की गई।

1.7 प्रशासन शाखा द्वारा राजस्व मण्डल एवं अधीनस्थ कार्यालयों में कार्यरत राजपत्रित अधिकारी/मंत्रालयिक व सहायक कर्मचारियों की नियुक्ति, पदोन्नति स्थानान्तरण, वरिष्ठता, स्थाईकरण, वेतन वृद्धियां व वेतन नियतन, अवकाश प्रकरणों का निस्तारण एवं अन्य प्रशासनिक/विविध कार्य सम्पादित किया जाता हैं।

## 2. न्यायिक व्यवस्था :–

2.1 राजस्व मण्डल में विभिन्न अधिनियमों में वर्ष 2022 (01.01.2022 से 31.12.2022 तक) में 7690 नवीन प्रकरण दायर हुए हैं तथा 6588 प्रकरण निर्णित हुए एवं वर्तमान में राजस्व मण्डल में (31.12.2022 तक) 65909 प्रकरण लम्बित है।

**अधिनियमवार दायर प्रकरण**

**( 01-01-2021 से 31-12-2022)**

| S.No | Group Name | Total Cases |
|---|---|---|
| 1 | एसचीट एक्ट,1956 | 1 |
| 2 | कोलोनाईजेशन एक्ट 1945 | 82 |
| 3 | जगीर/एबोलेशन एक्ट, 1959 | 4 |
| 4 | टीनेंसी एक्ट, 1955 | 5502 |
| 5 | डायरेक्टर लैंड रिकॉर्ड | 2 |
| 6 | पब्लिक डिमांड रिकवरी एक्ट, 1952 | 6 |
| 7 | राजस्थान भू–राजस्व अधिनयम 1956 | 2048 |
| 8 | लैण्ड रिफार्म ए एल ओ ई 1963 | 1 |
| 9 | सीलिंग अधिनियम 1973 | 44 |
| **Total** | | **7690** |

2.2 राजस्व मण्डल में माननीय सदस्यगण के कुल 20 पद हैं जिनमें से 5 पद आईएएस, 11 पद आरएएस, 2 पद अभिभाषक एवं 2 पद आरएचजेएस के स्वीकृत हैं। इनमें से 2 पद आईएएस एवं 5 पद आरएएस संवर्ग के रिक्त हैं। इस प्रकार वर्तमान में 16 माननीय सदस्यगण पदस्थापित होकर 04 पद रिक्त हैं। **(परिशिष्ट– र,ल,व,स )**

# 3. भू–अभिलेख :–

भू0 अभिलेख प्रकोष्ट द्वारा भू0 अभिलेख निरीक्षक व पटवारी संवर्ग का संस्थापन संबधी कार्य, राजस्व ईकाइयों का गठन एवं भूमि सुधार संबधी कार्य सम्पन्न किये जाते है।

## मुख्य–मुख्य कार्य एवं उनकी प्रगति निम्नानुसार है :–

### 1. परीक्षा :–

सीधी भर्ती पटवार प्रतियोगीी परीक्षा 2021 के लिए 5610 पदों की अर्थना चयन बोर्ड जयपुर को भेजी गई तथा चयन बोर्ड द्वारा अस्थाई रूप से चयनित 11348 अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन मण्डल स्तर से दिनांक 21.02.2022 से 31.03.2022 तक वृहत कार्य किया गया। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर से अभिशंषित कुल 5584 नवचयनित अभ्यर्थियों को मण्डल स्तर से कम्प्यूटराइज्ड काउंसिलिंग द्वारा जिला आवंटन किया गया।

### 2. वरिष्ठता संबंधीः–

मण्डल स्तर से राज्य सरकार को 5000 वरिष्ठ पटवारियों के पद सृजन हेतु प्रस्ताव राज्य सरकार को प्रेषित किये गये। राज्य सरकार द्वारा दिनांक 18–11–2021 का पद सृजित के बाद उक्त पदों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए दिनांक 20–01–2022 को वर्ष 2021–22 की डीपीसी आयोजित कर कुल 2920 पटवारियों को वरिष्ठ पटवारी बनाया गया एवं पटवारी से वरिष्ठ पटवारी की विभागीय पदोन्नति समिति वर्ष 2022–23 का आयोजन दिनांक 29.08.2022 को किया जाकर कुल 1170 पटवारियों को वरिष्ठ पटवारी के पद पर पदोन्नति दी गई। वरिष्ठ पटवारी से भू–अभिलेख निरीक्षकों पद की डीपीसी वर्ष 2022–2023 का आयोजन दिनांक 29.08.2022 को कर कुल 349 कार्मिकों को भू–अभिलेख निरीक्षक बनाया गया।

### 3. राजस्व ग्रामों का गठन :–

आलौच्य वर्ष की अवधि में जिला कलक्टर्स से प्राप्त प्रस्तावों की जॉच एवं परीक्षण कर नवीन राजस्व ग्राम घोषित करने हेतु राज्य सरकार को प्रस्ताव प्रेषित किए गए है। दिनांक 01.01.2022 से 31.12.2022 तक कुल 327 नवीन राजस्व ग्राम घोषित किए गए है तथा राज्य में जिलों से प्राप्त सूचना के आधार पर राज्य में कुल 47517 राजस्व ग्राम है। **(परिशिष्ट–ब)**

### 4. नई तहसीलों एवं उपतहसीलों की घोषणाः–

राज्य में 2022 के दौरान दिनांक 01.01.2022 से 31.12.2022 तक राज्य में कुल 23 नवीन तहसीलों/क्रमोन्नत तहसीलों तथा कुल 42 उपतहसीलों की नवीन सृजन किया गया है। इस प्रकार वर्तमान में राज्य में कुल 392 तहसीलें तथा 208 उपतहसीलें है।

**5. भूमि सुधार :–**

**खातेदारी अधिकार देना (01.04.22 से 30.09.2022) :–**

आलोच्य अवधि में 6644 व्यक्तियों को खातेदारी अधिकार दिए गए।

**कृषि प्रयोजनार्थ भूमि का आवंटन (क्षेत्रफल–हैक्टेयर में) :–**

| *क्र.सं.* | *वर्गीकरण* | *नॉन कमाण्ड* | | *कमाण्ड* | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | *लाभान्वितों की सं.* | *क्षेत्रफल हैक्ट0 में* | *लाभान्वितों की सं0* | *क्षेत्रफल हैक्ट0 में* |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | अनु0 जाति | 16 | 4.010 | 70 | 33.250 |
| 2 | अनु0ज0जाति | 558 | 99.700 | 25 | 12.610 |
| 3 | सैनिक | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 4 | अन्य | 75 | 33.390 | 293 | 209.760 |
| | **योग** | **649** | **137.100** | **388** | **255.620** |

**ग्रामों के नक्शों में 33 प्रतिशत से अधिक की तरमीम का कार्यः–**

राज्य में दिनांक 01.04.2022 से दिनांक 30.09.2022 तक 185 ग्रामों के नक्शों की 33 प्रतिशत से अधिक की तरमीम का कार्य सम्पन्न किया गया।

**जमाबंदियों की जांच, प्रमाणीकरण एवं दाखिला की स्थिति 1.04.22 से 30.09.2022 तक**

राज्य में 43301 जमाबन्दियाँ पटवारियों द्वारा कम्प्यूटर के माध्यम से तैयार की गई। उक्त में से 42994 जमाबन्दियों की भू–अभिलेख निरीक्षक द्वारा जाँच की गई एवं आर.ओ. द्वारा 42872 जमाबन्दिया प्रमाणित की जाकर 39984 जमाबन्दियां तहसील कार्यालय में जमा करवाई गई।

**अतिक्रमण के बकाया मामलों का निपटारा दिनांक 01.04.2022 से 30.09.2022 तक**

| **वर्गीकरण** | **संख्या** | **क्षेत्रफल हैक्टे0 में** |
|---|---|---|
| कुल विचाराधीन प्रकरण | 109660 | 52138.200 |
| कुल निर्णित मामले | 59891 | 26181.800 |

बाडों के नियमन के कुल मामले 7997 थे, इनमें से 4050 मामलों का निपटारा किया गया एवं शेष 3947 के निस्तारण का कार्य प्रगति पर है।

**बकाया नामान्तकरण की स्थिति :–**

ई–धरती पोर्टल अनुसार दिनांक 01.04.2022 से 31.12.2022 तक 1624083 नामान्तरकरण दर्ज हुए। इनमे से पूर्व माह के लम्बित एवं आलौच्य अवधि में कुल 1578916 का निस्तारण किया गया। शेष 34284 नामान्तरकरण के प्रकरणों की कार्यवाही प्रक्रियाधीन हैं।

## 3.2 DILRMP (Digital India Land Record Modernisation Programme)

**1. मार्डर्न रिकार्ड रूम :–** राजस्थान सरकार द्वारा वर्ष 2010 में प्रथम चरण में 4 जिलों जोधपुर, बाडमेर, टोंक तथा भीलवाडा की 36 तहसीलों में मॉडर्न रिकार्ड रूम कार्य हेतु स्वीकृति जारी की गई। मण्डल द्वारा उक्त कार्य जिला कलक्टर के माध्यम से सा0नि0वि0 द्वारा करवाया गया। 36 में से 35 (बाडमेर जिले की बाडमेर तहसील में स्थान उपलब्ध नहीं होने के कारण कार्य प्रारम्भ नहीं करवाया गया) तहसीलों में आंशिक कार्य हुआ है।

वर्ष 2015 में मण्डल द्वारा 278 नवीन तथा 36 आशिंक कुल 314 तहसीलों में कार्य करवाने हेतु बिड (निविदांए) आमंत्रित की जा कर IL&FS Technologies Limited को मण्डल के विभिन्न कार्यादेश से 249 (218+31) तहसीलों में मार्डन रिकार्ड रूम के कार्यादेश जारी किए गए।

मॉर्डन रिकार्ड रूम कार्य के तहत चार चरणों में निम्नलिखित कार्य करवाए जाने है :–

| Stage-1<br>(Civil Work) | Stage-2<br>(Non IT Infrastructure) | Stage-3<br>(IT-Infrastructure) | Stage-4<br>(Data Conversion) |
|---|---|---|---|
| Site Renovations<br>Electrification<br>Tiling/panting<br>Aluminum partitioning<br>False Ceiling | Modular compactor<br>Slotted angle rack<br>Map Cabinet<br>Fire control system<br>Furniture<br>Air-conditioner<br>Water Dispenser | Server computers<br>Desktops computers<br>Biometric device<br>Multi functional Printer<br>UPS<br>Bar-code printer and reader<br>LAN<br>CCTV | Indexing of Land record<br>Scanning of land record<br>Bar-coding of documents<br>Library Management of Physical land record<br>DMS and Training |

**कार्यादेश की स्थिति**

(प्रथम चरण से तृतीय चरण )

| कुल तहसीले | आरएफपी में सम्मिलित तहसीले | नवसृजित तहसीले जो आरएफपी से पृथक | तहसीले जिनमें तृतीय चरण का कार्य पूर्ण | चार जिलों टोंक, भीलवाडा, जोधपुर व बाडमेर तहसीलें जिनमें जिला कलक्टर के माध्यम से कार्य करवाया गया | तहसीलें जिनमें कार्यादेश जारी किया गया (फर्म द्वारा कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया) | तहसीलें जिनमें भवन अभाव के कारण कार्यादेश जारी नहीं |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 392 | 314 | 78 | 218 | 35 | 31 | 30 |

**चतुर्थ चरण लीगेसी रिकार्ड स्कैंनिंग कार्य की स्थिति :–**

**चतुर्थ चरण लीगेसी रिकार्ड स्केनिंग का कार्य :–** नोडल अधिकारी DILRMP आयुक्त, भू–प्रबन्ध विभाग द्वारा बैठक दिनांक 21.08.2017 में स्केनिंग कार्य बन्द किए जाने का निर्णय लिया जा कर फर्म को स्केनिंग कार्य रोकने हेतु निर्देशित कर दिया। इसके उपरान्त नोडल अधिकारी DILRMP आयुक्त, भू–प्रबन्ध विभाग द्वारा नई निविदा जारी कर DMS सॉफ्टवेयर के स्थान पर नया सॉफ्टवेयर तैयार करा मण्डल को नवीन सॉफ्टवेयर से कार्य करने हेतु निर्देशित किया। भू–प्रबन्ध विभाग द्वारा उपलब्ध करवाए गए उक्त सॉफ्टवेयर से जयपुर जिले की चौमू, शाहपुरा, दूदू, कोटखावदा व विराटनगर तथा सीकर जिले की सीकर, रामगढ शेखावटी तथा फतेहपुर तहसील का लीगेसी रिकार्ड स्केनिंग किया गया। उक्त सॉफ्टवेयर से निम्नानुसार तहसीलवार लीगेसी रिकार्ड स्केन किया गया।

कार्यालय भू–प्रबन्ध आयुक्त जयपुर के बैठक कार्यवाही विवरण 6808 दिनांक 08.11.2019 द्वारा प्रमुख शासन सचिव, राजस्व महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 04.11.2019 को आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि चतुर्थ चरण के स्केनिंग के कार्य हेतु 218 तहसीलों में 1 लाख पृष्ठ प्रति तहसील कुल 218 लाख पृष्ठ होते है। प्रत्येक तहसील में अनुमानित लगभग 2 लाख पृष्ठ पुराने अभिलेख होने से पुराने अभिलेख स्केनिंग करने के बदले तहसीलों की संख्या इस प्रकार घटा दी जाए कि घटाई गई तहसीलों के समस्त पुराने अभिलेख स्केन होकर नागरिकों के लिए उपलब्ध हो जाए व स्केन किए गए कुल पृष्ठों की संख्या कार्यादेश के अनुसार कुल पृष्ठों की संख्या के बराबर हों।

मण्डल का पत्रांक 3240 दिनांक 25.09.2020 द्वारा फर्म को 75 तहसीले हेतु चतुर्थ चरण का लिगेसी रिकॉर्ड स्केनिंग का कार्यादेश जारी किया गया है। जिनमें से 27 तहसीलों में स्केनिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

| कुल तहसीलें | नवसृजित तहसीलें जो आएफपी से पृथक | आरएफपी में सम्मिलित तहसीलें | तहसीलें जिनमें तृतीय चरण का कार्य पूर्ण | तहसीलें जिनमें कार्यादेश जारी किया गया (फर्म द्वारा कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया) | तहसीलें जिनमें भवन अभाव के कारण कार्यादेश जारी नहीं | चतुर्थ चारण हेतु कार्यादेश जारी किया गया | तहसील जिनमें चौथे चरण का स्केनिंग कार्य पूर्ण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 392 | 78 | 314 | 253′ | 31″ | 30 | 106 | 27 |
| ′ 218 फर्म के माध्यम तथा 35 जिला कलक्टर के माध्यम से | | | | | | | |

**218 तहसीलों में चरणवार प्रगति निम्न प्रकार है :–**

| No | Total Tehsils | Completed Tehsils | Work In Progress |
|---|---|---|---|
| **Phase-1** | **218** | **218** | **0** |
| **Phase-2** | **218** | **218** | **0** |
| **Phase-3** | **218** | **218** | **0** |

**चतुर्थ चरण लीगेसी रिकार्ड स्केनिंग कार्य की प्रगति निम्न प्रकार है :–**

| जिले का नाम | तहसीलों की संख्या | स्केनिंग कार्य पूर्ण | कार्य प्रगतिरत |
|---|---|---|---|
| **जयुपर** | **9** | **9** | **0** |
| **सीकर** | **4** | **4** | **0** |
| **झुन्झुनू** | **8** | **7** | **1** |
| **अजमेर** | **8** | **7** | **1** |
| **चुरू** | **1** | **0** | **1** |
| **कुल** | **30** | **27** | **3** |

मण्डल के पत्रांक 7294 दिनांक 02.12.2022 से प्रस्ताव राज्य सरकार को भिजवाये गये हैं कि ''फर्म TERRACIS TECH. से अनुबंध करने के बाद वर्ष 2017 तक 218 तहसीलों के ही कार्यादेश जारी किए गए तथा शेष तहसीलों में भवन उपलब्ध नहीं होने के कारण कार्यादेश जारी नहीं किये गये। साथ ही दिनांक 21.08.2017 से 31.01.2020 तक भू–प्रबन्ध विभाग द्वारा चतुर्थ चरण के कार्य को रोक दिया गया। ऐसी स्थिति में आर्बिट्रेशन के समक्ष प्रकरण में विभाग का पक्ष पर्याप्त मजबूत नहीं है। अतः इस संबध में उच्च स्तर से यह निर्णय लिया जाना अपेक्षित है कि फर्म के साथ आर्बिट्रेशन प्रकरण को जारी रखा जाए अथवा अब तक किए गए कार्य का फर्म को भुगतान कर अनुबन्ध को समाप्त कर दिया जाये और शेष रहे कार्य के लिए नए सिरे से टेण्डर किया जाए।'' राज्य सरकार से निर्देश प्राप्त होने पर तद्नुसार कार्यवाही की जायेगी।

**डिजिटाईजेशन ऑफ केडस्ट्रल मैपः–**

डिजिटाइजेशन ऑफ कैडस्ट्रल मैप का कार्य भीलवाडा तथा झालावाड में सिंगल सोर्स के माध्यम से वाप्कोस लि0 को कार्यादेश मण्डल के पत्रांक 10068 दिनांक 06.08.2015 से 1100/– प्रति शीट की दर से जारी किया गया। टोंक जिले में पायलट के तौर पर कार्य निक्सी नई दिल्ली से करवाया गया, टोंक जिले के शेष कार्य को पूर्ण करवाए जाने हेतु आयुक्त, भू–प्रबन्ध विभाग एवं नोडल अधिकारी महोदय द्वारा बैठक में लिए निणर्यानुसार PAN INDIA CONSULTANTS PVT.LTD.105, Phase-IV, Udyog Vihar, Gurgaon-122015 HARYANA को मण्डल के पत्रांक 239 दिनांक 31.01.2018 द्वारा अवशेष कार्य 727/– प्रति शीट की दर से प्रदान किया गया। शेष 30 जिलों में कार्य किए जाने हेतु बिड आमंत्रित की जा कर 6 फर्मो को 1430 रूपये प्रतिशीट की दर से कार्यादेश जारी किए है।

दिनांक 3.1.2023 तक 133049 शीटें फर्म द्वारा डिजिटाइज्ड की जा चुकी है, तथा 132144 शीटें पूर्ण कर ई–धरती सॉफ्टवेयर से लिंक की जा चुकी है।

**3. कम्प्युटराइजेशन ऑफ रिकार्ड ऑफ राइट (जमाबन्दी को ऑनलाईन किया जाना ) :–**
वर्तमान में राज्य की 392 तहसीलों में से 380 तहसीलों को ऑनलाईन किया जा कर अधिसूचना जारी की जा चुकी है। शेष 12 तहसीलों का कार्य प्रक्रियाधीन है।

## 4. राजस्थान तहसीलदार सेवा संवर्ग :–

### 1–कैडर स्ट्रेंथ

अ. तहसीलदार

| क.सं. | विवरण | स्वीकृत |
|---|---|---|
| 1 | राजस्व तहसीलदार | 392 |
| 2 | उप–पंजीयक | 113 |
| 3 | विविध तहसीलदार | 217 |
| **योग –** | | **722** |

ब–नायब तहसीलदार

| क.सं. | विवरण | स्वीकृत |
|---|---|---|
| 1 | नायब तहसीलदार फील्ड | 586 |
| 2 | नायब तहसीलदार नोन–फील्ड | 485 |
| **योग –** | | **1071** |

जिलेवार व विभागवार स्वीकृत पदों की सूचना **परिशिष्ठ ''स'' व ''द''** पर संलग्न है।

### 2– वरिष्ठता सूची :–

**तहसीलदार पद :–** तहसीलदार पद की दिनांक 01.04.2022 की वरिष्ठता सूची का प्रकाशन राजस्व मण्डल की विज्ञप्ति दिनांक 09.05.2022 द्वारा प्रकाशित की जा चुकी है।

**नायब तहसीलदार पदः–** तहसीलदार पद की दिनांक 01.04.2022 की वरिष्ठता सूची का प्रकाशन राजस्व मण्डल की विज्ञप्ति दिनांक 13.05.2022 द्वारा प्रकाशित की जा चुकी है।

### 3– विभागीय पदोन्नति समिति –

(ए) **तहसीलदार से आर.ए.एस :–**

तहसीलदार से आर.ए.एस. की कनिष्ठ वेतन श्रृंखला में डीपीसी वर्ष 2022–23 के आयोजन के प्रयोजनार्थ राजस्व मण्डल से वांछित सूचनाएं कार्मिक विभाग को प्रेषित की जा चुकी है। जिस कम में कार्मिक (क–4) विभाग राजस्थान जयपुर की आज्ञा दिनांक 05.10.2022 द्वारा 22 तहसीलदारों को आर.ए.एस. पद पर मौलिक पदोन्नत किया गया है।

(बी)– **तहसीलदार :–**

तहसीलदार पद पर पदोन्नति हेतु निम्न पद पर 05 वर्ष का अनुभव होना आवश्यक है। जिस क्रम में वांछित अनुभव रखने वाले पात्र कार्मिक उपलब्ध नहीं होने से डीपीसी का आयोजन नहीं किया है। तहसीलदार पद की डीपीसी वर्ष 2022–23 के डीपीसी के आयोजन हेतु राज्य सरकार से वांछित 05 वर्ष के अनुभव में 02 वर्ष की छूट लिये जाने हेतु रिक्तियों का निर्धारिण कर निर्धारित प्रारूप में पत्र प्रेषित कर छूट प्राप्त होने पर शीघ्र ही तहसीलदार डीपीसी वर्ष 2022–23 का आयोजन कर लिया जायेगा।

(सी)– **नायब तहसीलदार :–**

भू–अभिलेख निरीक्षक से नायब तहसीलदार पद की नियमित डीपीसी वर्ष 2019–20 तक का आयोजन किया जा चुका है। भू–अभिलेख निरीक्षकों की दिनांक 1.4.17 की वरिष्ठता सूची पर न्यायिक विवाद होने के फलस्वरूप भू–अभिलेख निरीक्षक से नायब तहसीलदार पद की डीपीसी वर्ष 2020–21 एवं 2021–22 का आयोजन किया जाना संभव नहीं हो पा रहा है। जिस क्रम में राजस्व मण्डल के आदेश दिनांक 15.9.21 द्वारा 455 वरिष्ठतम भू–अभिलेख निरीक्षकों को नायब तहसीलदार के रिक्त पद पर पदस्थापित किया गया।

अत्यधिक रिक्तियों को ध्यान में रखते हुए राजकार्यों के समय पर निष्पादन के दृष्टिगत प्रशासनिक व्यवस्थाओं को मध्यनज़र रखते हुए राज्य सरकार के निर्देशानुसार नायब तहसीलदार से तहसीलदार के रिक्त पद एवं भू–अभिलेख निरीक्षक से नायब तहसीलदार के रिक्त पद पर कार्यव्यवस्थार्थ पदस्थापन हेतु स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक दिनांक 31.12.2021 को आयोजित की जाकर समिति की सिफारिश के आधार पर राजस्व मण्डल द्वारा विभिन्न कार्यव्यवस्थार्थ तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के रिक्त पद पर पदस्थापन हेतु उपयुक्त पाये जाने के आदेश जारी किये गये है।

**उप–पंजीयक पैनल :–**

तहसीलदार संवर्ग से उप–पंजीयक पैनल 2022 का गठन किये जाने हेतु स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक आयोजन दिनांक 14.07.2022 को किया गया। जिसमें 130 तहसीलदारों का सेवा विवरण सम्मिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसमें से 83 तहसीलदारों का नाम उप–पंजीयक पैनल 2022 में सम्मिलित किया गया है।

**नियुक्तियां :–**

राजस्व मण्डल के आदेश क्रमांक 10053 दिनांक 24.12.2021 द्वारा 136 नवनियुक्त अभ्यर्थियों को एवं आदेश क्रमांक 7554 दिनांक 06.05.22 द्वारा 3 नवनियुक्त अभ्यर्थियों को इस प्रकार **कुल 139 नवनियुक्त अभ्यर्थियों** को प्रशिक्षु नायब तहसीलदार पद पर नियुक्ति प्रदान की गयी।

राजस्व मण्डल के पत्र क्रमांक 7991 दिनांक 29.12.2020 द्वारा आर.ए.एस. –2020 हेतु 111 पदों की रिक्तियां सीधी भर्ती नायब तहसीलदार पद हेतु राज्य सरकार को प्रेषित की जा चुकी है। राजस्व मण्डल के पत्र क्रमांक 7089 दिनांक 12.04.2022 द्वारा आर. ए.एस.–2022 हेतु 56 पदों की रिक्तियां सीधी भर्ती नायब तहसीलदार पद हेतु राज्य सरकार को प्रेषित की जा चुकी है। इस प्रकार सीधी भर्ती नायब तहसीलदार पद के लिये **कुल 167 पदों की अर्थना** राज्य सरकार को प्रेषित की जा चुकी है। जिस पर राजस्थान

लोक सेवा आयोग एवं राज्य सरकार द्वारा चयन की कार्यवाही उपरांत नियुक्ति की कार्यवाही की जावेगी।

## 5. निरीक्षण :–

राजस्व मण्डल द्वारा जिला कलक्टर/अतिरिक्त जिला कलक्टर/राजस्व अपील प्राधिकारी/भू प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी/उपखण्ड अधिकारी/सहायक कलक्टर के निस्तारित राजस्व प्रकरणों पर त्रैमासिक/वार्षिक समीक्षा की जाती है। राज्य के कलक्टर/ अतिरिक्त जिला कलक्टर/राजस्व अपील प्राधिकारी/भू प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी/उपखण्ड अधिकारी/सहायक कलक्टर के वार्षिक प्रतिवेदन, आयुक्तों की टिप्पणी सहित प्राप्त होते है। दिनांक 01.04.2022 से 31.05.2022 तक 10 उपखण्ड कार्यालयों, 1 सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट, 1 अतिरिक्त जिला कलक्टर तथा 2 राजस्व अपील प्राधिकारी कैम्प कोर्ट न्यायालयों का सृजन किया गया, जिनका विवरण निम्नानुसार हैः–

**2022–23**

राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना जारी की जाकर उपखण्ड कार्यालयों का सृजन किया गया।

| उपखण्ड कार्यालय का नाम | अधिसूचना दिनांक |
|---|---|
| 1.सेमारी–उदयपुर | 06.04.2022 |
| 2.सावर–अजमेर | 28.04.2022 |
| 3.बसवा–दौसा | 13.04.2022 |
| 4.मण्डावा–झुन्झुनू | 20.05.2022 |
| 5.देचू–जोधपुर | 06.04.2022 |
| 6.जोबनेर–जयपुर | 28.04.2022 |
| 7.मुण्डवा–नागौर | 20.05.2022 |
| 8.नयागांव–उदयपुर | 20.05.2022 |
| 9.मौजमाबाद–जयपुर | 28.04.2022 |
| 10.सैंथल–दौसा | 11.05.2022 |

राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना जारी की जाकर सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट कार्यालय का सृजन किया गया।

| सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट कार्यालय का नाम | अधिसूचना दिनांक |
|---|---|
| 1.नाथद्वारा–राजसमन्द | 31.05.2022 |

राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना जारी की जाकर अति0 जिला कलक्टर कार्यालय का सृजन किया गया।

| अति. जिला कलक्टर कार्यालय का नाम | अधिसूचना दिनांक |
|---|---|
| 1.बाली–पाली | 30.05.2022 |

राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना जारी की जाकर राजस्व अपील अधिकारी (कैम्प कोर्ट) न्यायालय का सृजन किया गया।

| राजस्व अपील अधिकारी (कैम्प कोर्ट) न्यायालय | अधिसूचना दिनांक |
|---|---|
| 1.राजगढ–अलवर | 15.03.2022 |
| 2.फागी–जयपुर | 15.03.2022 |

आलोच्य अवधि में माननीय अध्यक्ष महोदय/सदस्यगण द्वारा किये गये निरीक्षण **परिशिष्ट 'य'** के अनुसार है।

## 6. वित्त एवं लेखा :–

### 6.1 राजस्थान राजस्व अधीनस्थ लेखा संवर्ग का राज्य स्तरीय केडर कन्ट्रोल :–

(31.12.2022 की स्थिति अनुसार)

| क.सं. | पद नाम | स्वीकृत | कार्यरत | रिक्त |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक राजस्व लेखाधिकारी ग्रेड–I | 64 | 57 | 7 |
| 2 | सहायक राजस्व लेखाधिकारी ग्रेड–II | 109 | 64 | 45 |
| 3 | तहसील राजस्व लेखाकार | 519 | 245 | 274 |
| | **योग** | **692** | **366** | **326** |

### वित्तीय वर्ष 2022–23 में राजस्व मण्डल के अधीन विभागीय पद्घोन्नतियों की सूचना –नियमित डी.पी.सी. दिनांक 2021–22 एवं 2022–23

सहायक राजस्व लेखाधिकारी–।। पद से सहायक राजस्व लेखाधिकारी ग्रेड–। एवं तहसील राजस्व लेखाकार से सहायक राजस्व लेखाधिकारी ग्रेड–।। की वर्ष 2021–22 एवं 2022–23 की विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक का आयोजन दिनांक 23.08.2022 को किया जिसमे 07 सहायक राजस्व लेखाधिकारी द्वितीय को राजस्व लेखाधिकारी ग्रेड– प्रथम पद पर तथा 36 तहसील राजस्व लेखाधिकारों को सहायक राजस्व लेखाधिकारी द्वितीय के पद पर पदोन्नति प्रदान की गयी। राज्य सरकार द्वारा पदोन्नति हेतु वांछित अनुभव में एक वर्ष की छूट दी जाने से 2017 बैंच के 32 टी.आर.ए. को ए.आर.ए.ओ–।। के पद पर पदोन्नति प्रदान की गयी जिनमें 05 दिव्यांग टी.आर.ए. भी शमिल है।

### भर्ती संबंधी प्रक्रिया :–

वर्तमान में तहसील राजस्व लेखाकार के 198 पदों पर भर्ती प्रक्रिया हेतु अर्थना मण्डल द्वारा राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर को दिनांक 24.08.2021 से भिजवाई जा चुकी हैं। जिस पर कर्मचारी चयन बोर्ड ने Common Eligibility Test हेतु दिनांक 21.09.2022 को विज्ञप्ति जारी की गई हैं।

**6.2 पेंशन प्रकरणों की स्थिति** :–

दिनांक **01.01.2022 से 31.12.2022** तक के पेंशन प्रकरणों की स्थिति निम्नानुसार है –

| विवरण | जिला कलक्टर्स एवं अन्य अधीनस्थ कार्यालय से संबन्धित | मण्डल कार्यालय से सम्बधिंत | योग |
|---|---|---|---|
| 01.01.2022 को शेष | 242 | 02 | 244 |
| 31.12.2022 तक प्राप्त | 235 | 27 | 262 |
| योग | 477 | 29 | 506 |
| 31.12.2022 तक निस्तारित | 327 | 27 | 354 |
| 31.12.2022 को शेष | 150 | 02 | 152 |

**6.3. गबन के मामले :–**

गबन के मामले का विवरण दिनांक **01.01.2022 से 31.12.2022** तक निम्नानुसार है –

| अवधि | पंजीकृत संख्या | राशि |
|---|---|---|
| 01.01.2022 को बकाया | 10 | 14852788 |
| 01.01.2022 से 31.12.2022 तक प्राप्त | 00 | 00 |
| **योग** | **10** | **14852788** |
| 01.01.2022 से 31.12.2022 तक निस्तारित | 00 | 00 |
| 31.12.2022 को शेष | 10 | 14852788 |

**6.3.1 चोरी के मामले :–**

चोरी के मामले का विवरण दिनांक **01.01.2022 से 31.12.2022** तक निम्नानुसार है –

| अवधि | पंजीकृत संख्या | राशि | अपंजीकृत संख्या | राशि |
|---|---|---|---|---|
| 01.01.2022 को बकाया | 14 | 4632355 | 00 | 00 |
| 01.01.2022 से 31.12.2022 तक प्राप्त | 01 | 73910 | 00 | 00 |
| **योग** | 15 | 4706265 | 01 | 00 |
| 01.01.2022 से 31.12.2022 तक निस्तारित | 01 | 69187 | 00 | 00 |
| 31.12.2022 को शेष | 14 | 4637078 | 00 | 00 |

**6.4 महालेखाकार निरीक्षण प्रतिवेदन (व्यय) :–**

दिनांक **01.01.2022 से 31.12.2022** तक महालेखाकार निरीक्षण प्रतिवेदन (व्यय) के बकाया आक्षेपों का विवरण इस प्रकार है –

| दि.01.01.22 के बकाया आक्षेप | | दि.01.01.22 से 31.12.22 तक प्राप्त | | योग | | वर्ष 2022 में निस्तारित | | शेष 31.12.22 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नि.प्र. | अनुच्छेद | नि.प्र. | अनुच्छेद | नि.प्र. | अनुच्छेद | नि.प्र. | अनुच्छेद | नि.प्र. | अनुच्छेद |
| 107 | 274 | 02 | 08 | 109 | 282 | 10 | 27 | 99 | 255 |

**6.5 महालेखाकार निरीक्षण प्रतिवेदन (आय) :–**

दिनांक 01.01.2022 से 31.12.2022 तक महालेखाकार निरीक्षण प्रतिवेदन (आय) के बकाया आक्षेपों का विवरण इस प्रकार है –

| दि.01.01.22 के बकाया आक्षेप | | दि.01.01.22 से 31.12.22 तक प्राप्त | | योग | | वर्ष 2022 में निस्तारित | | शेष 31.12.22 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नि.प्र. | अनुच्छेद | नि.प्र. | अनुच्छेद | नि.प्र. | अनुच्छेद | नि.प्र. | अनुच्छेद | नि.प्र. | अनुच्छेद |
| **75** | **308** | **6** | **51** | **81** | **359** | **3** | **45** | **78** | **314** |

**6.6 आन्तरिक लेखा जांच दल (व्यय) :–**

राजस्व मण्डल के अधीनस्थ कार्यालयों के व्यय लेखों के आन्तरित लेखा परीक्षा किये जाने के उदेश्य से 14 अंकेक्षण दल संधारित हैं जिसमें से 07 दल मण्डल मुख्यालय पर तथा एक–एक संभागीय मुख्यालय में हैं । दिनांक 31.12.2022 तक के बकाया आक्षेपों की स्थिति निम्नानुसार है :–

| दि.01.01.22 के बकाया आक्षेप | | दि.01.01.22 से 31.12.22 तक प्राप्त | | योग | | वर्ष 2022 में निस्तारित | | शेष 31.12.22 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नि.प्र. | अनुच्छेद | नि.प्र. | अनुच्छेद | नि.प्र. | अनुच्छेद | नि.प्र. | अनुच्छेद | नि.प्र. | अनुच्छेद |
| 5957 | 27204 | 314 | 2962 | 6271 | 30166 | 774 | 2048 | 5497 | 28118 |

**6.7 आन्तरिक लेखा जांच दल (आय) :–**

दिनांक 01.01.2022 से 31.12.2022 तक आन्तरिक निरीक्षण प्रतिवेदन (आय) के बकाया आक्षेपों का विवरण इस प्रकार है –

| दि.01.01.22 के बकाया आक्षेप | | दि. 01.01.22 से 31.12.2022 तक प्राप्त | | योग | | वर्ष 2022 में निस्तारित | | शेष 31.12.2022 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नि.प्र. | अनुच्छेद | नि.प्र. | अनुच्छेद | नि.प्र. | अनुच्छेद | नि.प्र. | अनुच्छेद | नि.प्र. | अनुच्छेद |
| 5731 | 26454 | 518 | 8932 | 6249 | 35386 | 503 | 8795 | 5746 | 26591 |

**6.8 आय व्ययक अनुमान वर्ष 2022–23**

(1) **आयोजना भिन्न**

| क्र. सं. | मद | आय–व्ययक अनुमान (राशि लाखों में) 2022–23 | व्यय 31 दिसम्बर 2022 तक (राशि लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1. | 2029 अधीक्षण | 181.64 | 154.80 |
| 2. | 2029 जिला व्यय | 93071.94 | 61444.92 |
| 3. | 2052 राजस्व मण्डल | 3128.72 | 2368.04 |
| 4. | 2052 राजस्व अपील अधिकारी | 932.23 | 629.47 |
| 5. | 2053 जिलाधीश कार्यालय | 17616.91 | 11493.16 |
| 6. | 2053 दण्डाधीश | 2452.18 | 1910.06 |
| 7. | 2053 एस.डी.ओ. | 11449.58 | 9541.47 |
| 8. | 2053 तहसील | 37857.58 | 28765.13 |
| 9. | 2053 आयुक्त | 1879.79 | 1420.50 |
| 10. | 2059 लोक निर्माण राजस्व कार्यालय मरम्मत एवं रख–रखाव | 500.00 | 151.65 |
| 11. | 2250 ग्रामधान बोर्ड | 10.00 | 3.30 |
| 12. | 3475 वृतिक सेवायें | 10.00 | 9.08 |
| 13. | 2216 राजकीय आवास भवन मरम्मत | 150 | 48.96 |
| 14. | 2052 भूमि अर्जन पुर्नवासन एवं पुर्नव्यवस्थापन प्राधिकरण | 166.08 | 136.43 |

**(2) आयोजना 2022–23**

(राशि लाखों रुपयों में)

| क्र.सं. | मद | आय–व्ययक अनुमान 2022–23 | व्यय 31 दिसम्बर 2022 |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्रामीण विकास भू–सुधार | 2655.01 | 2465.17 |
| 2. | सामाजिक एवं सामुदायिक सेवायें | 800.00 | 785.17 |

**(अ) आयोजना**

**(1) ग्रामीण विकास भू–सुधार –**

इस योजना के अन्तर्गत विभिन्न राजस्व भवनों यथा तहसील कार्यालय भवन, उप तहसील कार्यालय भवन, उपखण्ड अधिकारी कार्यालय भवन, पटवार घर, भू–अभिलेख निरीक्षक वृत आदि का निर्माण कार्य तथा राजस्व अदालत निगरानी प्रणाली व राजस्व विभाग के वेब पोर्टल्र्स के मेन्टेनेन्स हेतु राशि स्वीकृत की गई । वर्ष **2022–23** में उक्त योजना हेतु राशि रुपये 2655.01 लाख का प्रावधान है ।

**(2) सामाजिक एवं सामुदायिक सेवायें –**

इस योजना के अन्तर्गत राजस्व आवास भवनों यथा उपखण्ड अधिकारी एवं तहसीलदार आवास के निर्माण कार्य आदि स्वीकृत किये जाते हैं । इस मद के अन्तर्गत वर्ष **2022–23** में कुल राशि रुपये 800.00 लाख का प्रावधान है ।

**6.10 भू–राजस्व वसूली – (31.12.2022 तक)**

| | | |
|---|---|---|
| राज्य सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य (बी.ई. 2022–23) | 55000.02 | लाख रु. |
| भू–राजस्व वसूली दिनांक 31.12.2022 तक | 25861.76 | लाख रु. |
| लक्ष्य के विरुद्व वसूली प्रतिशत में | 47.02 | प्रतिशत |

**6.11 मुख्य मध्यम लघु सिंचाई परियोजना –**

| | | |
|---|---|---|
| राज्य सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य (बी.ई. 2022–23) | 200.00 | लाख रु. |
| वसूली दिनांक 31.12.2022 तक | 11.64 | लाख रु. |
| लक्ष्य के विरुद्व वसूली प्रतिशत में | 5.82 | प्रतिशत |

## 7. राविरा :–

राजस्व मण्डल राजस्थान अजमेर से राजस्व विभाग के अधिकारियों / कर्मचारियों का ज्ञान आदिनांक बनाये रखने की दृष्टि से "राविरा" त्रैमासिक पत्रिका का प्रकाशन किया जाता है। पत्रिका में राजस्व सीलिंग, काश्तकारी एवं भू–राजस्व विषय के संबंध में राज्य सरकार द्वारा अधिनियमों एवं नियमो के संबंध में जारी संशोधनों का प्रकाशन किया जाता है। साथ ही राजस्व मण्डल व राजस्व विभाग की महत्वपूर्ण गतिविधियों, राजस्व न्यायालयों के अति महत्वपूर्ण निर्णयों, लेख राजस्व समाचार सफलता की कहानियाँ आदि का प्रकाशन भी फील्ड में कार्यरत अधिकारियों / कार्मिकों के लाभार्थ किया जाता है।

"राविरा" पत्रिका राजस्व एवं पंचायती राज विभाग के अधिकारियों / कर्मचारियों के साथ–साथ आम काश्तकार के लिए मित्र, दार्शनिक एवं मार्गदर्शक की भूमिका का निर्वहन करती है। इसकी प्रति अंक 7500 प्रतियां मुद्रित करवाई जाती है। साथ ही इसे ऑनलाइन भी कर दिया गया है, जिसके तहत अब तक राविरा अंक 117 से लेकर 125 को मण्डल की वेबसाइट पर अपलोड किया जा चुका है। समय–समय पर राविरा के राजस्व विषयक विशेषांक भी प्रकाशित किए जाते हैं। राविरा अंक 126 अंक प्रकाशनाधीन है।

## 8. कृषि साँख्यिकी :–

राजस्व मण्डल की सांख्यिकी शाखा द्वारा राज्य स्तर पर कृषि सांख्यिकी में जिंसवार, मिलान खसरा, पूरक मिलान खसरा, कृषि अंकतालिका, अग्रिम अनुमान, फसल कटते समय के भाव, अंतिम पूर्वानुमान एवं वर्षा समंकों की राज्य स्तरीय सूचना तैयार की जाती है एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत फसल कटाई प्रयोग के आधार पर राज्य के उत्पादन अनुमान संमक तैयार किये जाते हैं। कृषि सांख्यिकी में सुधार हेतु राज्य स्तर पर राज्य सरकार ने उच्च स्तरीय तकनीकी समिति (HLTCC) का गठन किया है जिसकी अध्यक्षता राजस्व मण्डल के अध्यक्ष करते हैं। उक्त समिति की अब तक 40 बैठकें आयोजित हो चुकी हैं।

### 8.1. गिरदावरी एवं जिंसवार :–

जिलों से निम्न प्रकार की प्राप्त सूचनाएं संकलित की जाकर राज्य सरकार एवं भारत सरकार को भिजवाई जाती है–

1. जिंसवार
2. मिलान खसरा व पूरक मिलान खसरा
3. कृषि अंकतालिका

**राज्य स्तर पर फसल खरीफ / रबी / जायद रबी गिरदावरी की दिनांकः**

| | |
|---|---|
| खरीफ | 16 सितम्बर से 15 अक्टूबर |
| रबी | 1 फरवरी से 5 मार्च |
| जायद रबी | 1 मई से 15 मई |

तीनों मौसम खरीफ, रबी व जायद रबी के पृथक–पृथक जिंसवार जिलों से मंगवाये जाते हैं, जिसमें कृषि फसलों के क्षेत्रफल एवं अनुमानित उत्पादन की सूचना गिरदावरी के आधार पर दर्ज की जाती है।

गिरदावरी पश्चात् जिलों से मण्डल कार्यालय में जिंसवार पहुंचने की निर्धारित तिथियां निम्न प्रकार से हैः–

1. जिंसवार सियालू (खरीफ) 10 दिसम्बर
2. जिंसवार उन्हालू (रबी) 15 अप्रैल
3. विशेष उन्हालू (जायद रबी) 15 जून

### 8.1.1 मिलान खसरा एवं पूरक मिलान खसरा :–

मिलान खसरा के अन्तर्गत जिले के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का वर्गीकरण यथा जंगलात, कृषि अयोग्य, जोत रहित भूमि, पड़त भूमि व समस्त बोया गया क्षेत्रफल, दुपज क्षेत्रफल तथा वार्षिक सिंचित क्षेत्रफल सम्बन्धी तहसीलवार सूचना का इन्द्राज किया जाता है। इसके अतिरिक्त इसमें विभिन्न साधनों से जोती गई भूमि यथा तालाब, नलकूप, नहरों आदि के क्षेत्रफल की सूचना तहसीलवार दर्ज की जाती है।

पूरक मिलान खसरा में तालाब, नलकूप, कुओं की संख्या दर्ज कर तहसीलवार विवरण उपलब्ध करवाया जाता है। जिलों से मिलान खसरा व पूरक मिलान खसरा की सूचना मण्डल कार्यालय में पहुंचने की निर्धारित तिथि 31 जुलाई है।

### 8.1.2 कृषि अंकतालिका :–

कृषि अंकतालिका की सूचना जिसंवार, मिलान खसरा एवं पूरक मिलान खसरा के आधार पर तैयार की जाती है। कृषि अंकतालिका में कुल भौगोलिक क्षेत्रफल, सिचिंत क्षेत्रफल (साधनवार) की सूचना, विभिन्न फसलों के कुल बोये हुये क्षेत्रफल तथा सिचिंत क्षेत्रफल की सूचनाओं का इन्द्राज किया जाता है।

जिलों से कृषि अंकतालिका की सूचना मण्डल कार्यालय में पहुंचाने की निर्धारित तिथि 15 अगस्त है।

जिलों से प्राप्त उक्त प्रपत्रों की मण्डल स्तर पर जांच की जाकर जांच उपरान्त मौसमवार, फसलवार क्षेत्रफल/अनुमानित उत्पादन की राज्य स्तरीय सूचना तथा मिलान खसरा व पूरक मिलान खसरा एवं कृषि अंकतालिका की राज्य स्तरीय सूचना तैयार की जाकर राज्य सरकार को भेजी जाती है।

मौसम खरीफ 2021–22 विभिन्न फसलों की जिलेवार, तहसीलवार बुआई क्षेत्रफल की सूचना तथा वर्ष 2020–21 की भू–उपयोग वर्गीकरण, मिलान खसरा व पूरक मिलान खसरा जिलों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर तैयार कर राज्य सरकार को भेज दी गई है ।

### 8.2 फसलों के क्षेत्रफल व उत्पादन के अग्रिम अनुमान :–

जिलों से मौसम खरीफ/रबी के अन्तर्गत प्रमुख फसलों के क्षेत्रफल व उत्पादन के अग्रिम अनुमान जिलों से जिला कलक्टर (भू.अ.) की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय उपसमिति द्वारा अनुमोदन पश्चात् मण्डल कार्यालय को प्राप्त होते हैं। राज्य स्तरीय क्षेत्रफल एवं उत्पादन के

अनुमान अतिरिक्त प्रमुख शासन सचिव कृषि की अध्यक्षता वाली राज्य स्तरीय कोर ग्रुप की बैठक में अनुमोदन पश्चात् निदेशक एवं पदेन संयुक्त सचिव आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय, जयपुर द्वारा भारत सरकार को भेजे जाते हैं।

प्रतिवर्ष होने वाली राज्यस्तरीय कोर ग्रुप की बैठकों की निर्धारित तिथियां निम्न प्रकार से है–

| | | |
|---|---|---|
| प्रथम बैठक | माह अगस्त | (अंतिम सप्ताह) |
| द्वितीय बैठक | माह दिसम्बर | (अंतिम सप्ताह) |
| तृतीय बैठक | माह मार्च | (अंतिम सप्ताह) |
| चतुर्थ बैठक | माह जून | (अंतिम सप्ताह) |

वर्ष 2021–22 के समस्त तथा वर्ष 2022–23 के अन्तर्गत मौसम खरीफ के प्रथम एवं द्वितीय अग्रिम अनुमानों का अनुमोदन राज्य स्तरीय कोर ग्रुप द्वारा किया जा चुका है।

### 8.2.1 <u>अन्तिम पूर्वानुमानः–</u>

मौसम खरीफ व रबी की कुल 47 प्रमुख फसलों के अन्तिम पूर्वानुमान राज्य सरकार को भेजे जाते हैं। मौसम खरीफ की सूचना माह फरवरी, मार्च तक तथा मौसम रबी की सूचना जून, जुलाई तक राज्य सरकार को भेजी जाती है।

### 8.2.2 फसल कटते समय के भावः–

वर्ष 2021–22 की मौसम खरीफ की प्रमुख 12 फसलों तथा मौसम रबी की प्रमुख 10 फसलों के फसल कटते समय के भाव जिलों से प्राप्त कर राज्य स्तरीय औसत भाव राज्य सरकार को भेजे जाते हैं।

उक्त भाव जिलों से मौसम खरीफ के 30 जनवरी तथा रबी के 20 जून तक मण्डल कार्यालय को प्राप्त होते हैं।

### 8.3 फसलों के औसत उपज एवं उत्पादन अनुमान राज्य स्तर पर तैयार करना

राजस्व मण्डल की सांख्यिकी शाखा द्वारा फसल कटाई प्रयोगों पर आधारित औसत उपज एवं उत्पादन अनुमान निकाले जाते हैं जो कृषि मंत्रालय भारत/ राज्य सरकार को भिजवाये जाते हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्र्तगत कृषि विभाग राज.,जयपुर द्वारा मौसम खरीफ व रबी की अधिसूचित फसलों पर मण्डल द्वारा राज्य स्तर पर आयोजना बनाई जाती है तथा राज्य के समस्त जिलों के उपखण्ड स्तर पर फसल कटाई प्रयोग प्रशिक्षण कराये जाते हैं तथा मॉनिटरिंग की जाती है। जिलों के चयनित ग्राम में विभिन्न जिन्सों के संपादित कराये गये फसल कटाई प्रयोगों की तालिका 1 तथा 2–3 के आधार पर औसत उपज अनुमान एवं अन्तिम उत्पादन अनुमान तैयार कराये जाते हैं।

वर्ष 2016–17 से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना राज्य के समस्त 33 जिलों में लागू की गई हैं, जिसके अन्तर्गत तहसील एवं पटवार स्तर पर फसल कटाई प्रयोग आयोजित करवाये जा रहे हैं। खरीफ 2022–23 में 15 जिन्सों क्रमशः बाजरा, तिल, मूंग, मक्का, ज्वार, मोठ, उड़द,

चंवला, ग्वार, सोयाबीन, धान, कपास, मूंगफली, गन्ना एवं अरहर में कुल प्रयोगों एवं रबी 2022–23 में तहसील एवं पटवार स्तर पर 11 जिन्सों क्रमशः गेहूं, जौ, चना, राई–सरसों, तारामीरा, मसूर, धनिया, जीरा, मैथी, इसबगोल एवं रबी मक्का में प्रयोगों की आयोजना तैयार की गई है। विगत तीन वर्षो में प्रयोगों की आयोजना का विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र.सं. | वर्ष | खरीफ | रबी | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2019–20 | 129822 | 107824 | 237646 |
| 2 | 2020–21 | 130250 | 109744 | 239994 |
| 3 | 2021–22 | 130594 | 109978 | 240572 |

## 8.4 वर्षा समंकः–

जिलेवार मासिक वर्षा प्रतिवेदन नवंबर, 2022 तैयार कर भिजवाया गया। वर्षा का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2021 तैयार कर भिजवाया गया।

**नोटः–** पशुपालन के आदेश क्रमांक 1829 दिनांक 18.4.22 के द्वारा पशुगणना प्रकोष्ट को निदेशालय जयपुर में स्थानांतरित किये जाने के क्रम मे राजस्व मंडल के आदेश क्रमांक 11611 दिनांक 17.8.22 के द्वारा पशुगणना प्रकोष्ठ को निदेशालय जयपुर स्थानांतरित किया जा चुका है।

## 9. याचिका :–

राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर/जोधपुर, सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर/जोधपुर, व अधिनस्थ न्यायालयों में विचाराधीन ऐसे न्यायिक प्रकरण जिनमें राजस्व मण्डल प्रभावी पक्षकार अथवा सह पक्षकार के रूप में संयोजित है, राज्य पक्ष को उचित रूप में न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने एवं पारित किये गये निर्णयों का समुचित परीक्षण कर पालना अथवा अपील की कार्यवाही की जाती है।

राजस्व मण्डल में वर्ष 2022 (01.01.22–31.12.2022) तक की अवधि में राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर/ जोधपुर एवं राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण जयपुर/जोधपुर में विचाराधीन प्रकरणों की स्थिति निम्नानुसार रही है:–

राजस्व मण्डल द्वारा अपीलीय न्यायालय की हैसियत से किये गये फैसलों के विरूद्व लगभग 91 रिट याचिकायें, डी.बी. स्पेशल अपील व स्पेशल लीव टू अपील्स राजस्व मण्डल में प्राप्त हुई। इन सभी प्रकरणों में समय पर नोटिसों की तामील तथा कार्यवाही से संबंध में पत्र व्यवहार संबंधित कार्यालयों से किया गया।

उक्त अवधि में सिविल न्यायालयों, राजस्थान उच्च न्यायालय, राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण जयपुर/जोधपुर में लगभग 34 ऐसे प्रकरण विचाराधीन रहे जिनमें अन्य कार्यालयों से प्रभारी अधिकारी नियुक्त है। उक्त प्रकरणों में प्रभारी अधिकारी व पैनल लॉयर्स को नियुक्त कराया जाकर उचित मोनेटरिंग की जाकर राज्य पक्ष प्रस्तुत कराये जाने/समय पर जवाब पेश कराने हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया।

वर्ष 2022 की अवधि में राजस्व मण्डल में सेवा संबंधी 170 याचिकाओ/डी.बी. स्पेशल अपील एवं अपीलों के प्रकरण प्राप्त हुये। इस अवधि में 130 प्रकरणों के जवाब पेश किये जाने की कार्यवाही की गई एंव उक्त अवधि में 81 प्रकरणों में निर्णय पारित हुए। समस्त प्रकरणों में पालना/अपील की कार्यवाही प्रस्तावित की गई। अवधि अन्त में 759 प्रकरण विचाराधीन रहे। समस्त प्रकरणों में राजस्व मण्डल की ओर से प्रभावी पैरवी की कार्यवाही की गई। राज्य सरकार से प्राप्त निर्देशों की पालना में 10 वर्ष से अधिक पुराने विचाराधीन प्रकरणों की पृथक से समीक्षा की जाकर उनके राज्य हित में शीघ्र निस्तारण के प्रभावी प्रयास किये जा रहे हैं।

## 10. कम्प्यूटर शाखा :–

कम्प्यूटर शाखा के प्रभारी अधिकारी संयुक्त निदेशक श्री देवेश बाडमेरा हैं। शाखा में 01 ए.सी.पी. (उप निदेशक), दो प्रोग्रामर एवं 02 सहायक प्रोग्रामर, 6 सूचना सहायक तथा 01 शीघ्रलिपिक पदस्थापित हैं। शाखा द्वारा निम्नांकित कार्य सम्पादित किये जाते हैं:–

### 1. मण्डल में GCMS पोर्टल के माध्यम से न्यायिक कार्यों का कम्प्यूंटराइजेशन :-

राजस्व मण्डल एवं अधीनस्थ राजस्व न्यायालयों के न्यायिक कार्य हेतु ऑन–लाईन पोर्टल GCMS (Generalized Court Management System) निर्माण करवाया जाकर संचालित किया जा रहा है जिसमें वाद के पंजीयन से लेकर वाद के निर्णय एवं उसके निर्णय अपलोड तक की कार्यवाही मण्डल द्वारा सम्पादित की जा रही है। GCMS पोर्टल में समय–समय पर मण्डल की आवश्यकतानुसार बदलाव सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग जयपुर से समन्वय स्थापित कर कराये जाते हैं। GCMS पोर्टल पर प्रतिदिन लगभग 30 से 60 नये वादों का इन्द्राज निबंधक कोर्ट में किया जाता है तथा प्रतिदिन विभिन्न न्यायालयों में लगने वाले 2000 प्रकरणों की आगामी तिथि की फीडिंग का कार्य भी किया जाता है। वर्तमान में मण्डल में वादों के शीघ्र निस्ताकरण हेतु GCMS पोर्टल पर 3 डीबी, 5 एसबी एवं 1 एसबी रेफरेन्स बेंच का प्रतिदिन गठन किया जाता है। अभिभाषकों एवं आमजन हेतु निम्न सुविधायें उपलब्ध करवायी गयी है–

- अंतरिम आदेश एवं निर्णय प्रति की उपलब्धता।
- प्रतिदिन बैंच आवंटन की सूचना।
- प्रतिदिन की कॉजलिस्ट।
- वादों की वर्तमान स्थिति।

GCMS पोर्टल में आईटी मैन पावर का इस्तेमाल निम्नानुसार हैं:–

• उपनिदेशक (एसीपी) एवं प्रोग्रामर के द्वारा GCMS पोर्टल पर दैनिक गतिविधियां का पर्यवेक्षण, कमांडिंग आदि कार्य किये जाते हैं। रजिस्ट्रार कोर्ट में वादों के पंजीयन हेतु 01 सहायक प्रोग्रामर एवं 03 सूचना सहायक और फीड़बैक रूम में वादों की आगामी सुनवाई तिथि फीड़ करने हेतु 02 सूचना सहायक कार्यरत हैं।

## 2. BOR CM (Cadre Management) :-

राजस्व मण्डल के समस्त सेवा संवर्ग के प्रबंधन कार्य हेतु Cadre Management पोर्टल का निर्माण कर संचालित किया जा रहा है जिसमें कार्मिकों की निम्न सूचना संधारित की जाती है:–

- स्थानान्तरण
- ए.सी.आर.
- विभागीय जांच

Cadre Management पोर्टल पर प्रबंधन संबंधी कार्य मण्डल की विभिन्न शाखाओं द्वारा किया जाता हैं। कम्प्यूटर शाखा में पदस्थापित 01 प्रोग्रामर एवं 01 सूचना सहायक के द्वारा Cadre Management पोर्टल पर कार्य करने हेतु तकनीकी सहयोग एवं प्रशिक्षण संबंधी आदि कार्य किये जाते हैं।

## 3. RISS (Revenue Information System Software) :-

मण्डल में तहसील एवं जिला मुख्यालय से राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, सीलिंग कानून की क्रियान्विती, भूमि सुधार एवं एमआरआरसी (Monthly Revenue Report Card) इत्यादि सूचनायें प्राप्त करने हेतु RISS (Revenue Information System Software) तैयार करवाया गया हैं जिसकी सांख्यिकी शाखा के ए.एस.ओ. द्वारा मॉनिटरिंग की जाती हैं तथा कम्प्यूटर शाखा द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाता हैं।

**4. मंडल की विभिन्न शाखाओं को तकनीकी सहयोग :–**

बोर्ड अधिकारियों और कर्मचरियों के आईटी हार्डवेयर रखरखाव और तकनीकी सहायता – उप निदेशक (एसीपी) के मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण में एक प्रोग्रामर तथा एक सूचना सहायक के साथ, एक ए.एम.सी फर्म व्यक्ति इस कोर आईटी गतिविधि को प्रतिदिन संचालित करने में लगे है।

राजस्व बोर्ड में हार्डवेयर इंफ्रास्ट्रक्चर 196 से अधिक कंप्यूटर (लगभग 80 कंप्यूटर 8 वर्ष पुराने), 185 प्रिंटर (लगभग 75 प्रिंटर 8 वर्ष पुराने), 154 यूपीएस (लगभग 60 यूपीएस 8 वर्ष पुराने), और 250 से अधिक नेटवर्क आईपी पॉइंट्स के साथ राजस्व मंडल के नेटवर्क का बुनियादी ढांचा उपलब्ध है। दैनिक आवश्यकता के अनुसार नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर का भी विस्तार किया जाता है।

**5. बोर्ड–वेबसाइट :–**

मण्डल की इंटरनेट वेबसाइट (http://landrevenue.rajasthan.gov.in/bor) को सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर द्वारा जारी वेबसाईट गाइड लाईन्स के अनुसार अद्यतित किया जाता है। इसके अतिरिक्त निम्नलिखित जानकारी को भी मण्डल की वेबसाइट में शामिल किया गया है:–

• वेबसाइट रखरखाव और दस्तावेज/निविदा/बोलियां/आदेश/परिपत्र इत्यादि अपलोड करना।

• उपनिदेशक (एसीपी) के मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण में, जो वेबसाइट के नोडल अधिकारी हैं, एक प्रोग्रामर तथा एक सूचना सहायक, दैनिक स्तर पर सभी शाखाओं से प्राप्त दस्तावेज/निविदा/बोलियां/आदेश/परिपत्र इत्यादि को अपलोड कर रहे हैं।

• नागरिक अधिकार पत्र से संबंधित जानकारी :– इसके अन्तर्गत राजस्व, कलक्टर, उपखंड अधिकारी, तहसील स्तर से संबंधित नागरिक अधिकार पत्र से संबंधित जानकारी का वेबसाइट पर प्रकाशन किया गया है।

• सूचना के अधिकार से संबंधित जानकारी :– इसके अन्तर्गत राजस्व मंडल के कार्यप्रणाली का विषयवार विवरण दिया गया है।

• डी.आई.एल.आर.एम.पी.– इसके अंतर्गत इस शाखा द्वारा भेजे गये जमाबंदी का सेग्रीगेशन, मॉडर्न रिकोर्ड रूम एवं केडिस्ट्ल मेप का डिजिटाईजेशन से संबंधित समस्त दस्ता्वेज/पत्र/आदेश का संधारण/अपडेशन मण्डल की वेबसाईट पर किया जाता है।

**6. बोर्ड इंट्रानेट सॉफ्टवेयर :–**

मण्डल की सांख्यिकी शाखा की क्रॉप कटिंग, रेन फॉल की सूचना अपडेट हेतु इंट्रानेट सॉफ्टवेयर बनाया गया है। साथ ही लाईब्रेरी शाखा में उपलब्ध पुस्तकों की सूचना इत्यादि भी इस पोर्टल दर्ज की जाती हैं, जिन्हें समय–समय पर आदिनांक तक अपडेट किया जाता है। उक्त इंट्रानेट सॉफ्टवेयर में बदलाव संबंधी कार्य एवं अन्य शाखाओं को तकनीकी सहयोग कम्प्यूटर शाखा में पदस्थापित सहायक प्रोग्रामर द्वारा किया जाता हैं।

**7. राज–काज पोर्टल :–**

सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर द्वारा निर्मित राज–काज पोर्टल पर मण्ड़ल द्वारा निम्नलिखित कार्य किये जाते हैं:–

• ए0सी0आर0 मॉडयूल :– मण्डल के कार्मिकों (तहसीलदार, भू–अभिलेख निरीक्षक एवं पटवारी) की ए0सी0आर0 राज–काज पोर्टल के माध्यम से भरवाई जाती हैं।

• Leave Management :- मण्डल के समस्त कार्मिकों के उपार्जित अवकाश का आवेदन राज–काज पोर्टल के माध्यम से किया जाता हैं।

उक्त राज–काज पोर्टल पर मैपिंग संबंधी एवं अन्य तकनीकी सहायता संबंधी आदि कार्य मण्डल के कम्प्यूटर शाखा द्वारा किये जाते हैं।

**8. कम्प्यूटर स्टोर संचालन :–**

कम्प्यूटर शाखा द्वारा मंडल की विभिन्न शाखाओं मे कम्प्यूटर सामग्री विवरण हेतु एक कम्प्यूटर स्टोर का भी कम्प्यूटर स्टोर प्रभारी अधिकरी– प्रोग्रामर एवं एक सूचना सहायक द्वारा संचालित किया जाता है जो कि विभिन्न शाखाओ को समय समय पर आवश्कतानुसार कम्प्यूटर सामग्री जारी कर नियमानुसार इंद्राज करता है।

**9. अन्य कार्य आईटी सम्बंधित कार्य :–**

- दैनिक सभी शाखाओं से प्राप्त ईमेल स्कैन किए जाते हैं एवं विभिन्न विभागों और अधीनस्थ कार्यालयों को भेजे जाते हैं साथ ही विभिन्न जिलों और कार्यालयों से प्राप्त ईमेल प्रिंट कर संबंधित शाखा प्रभारी/निबंधक महोदय को भेजे जाते हैं।
- साथ ही आरटीआई, जन–सूचना एवं जन–कल्याण इत्यादि पोर्टल पर कार्य करने हेतु कम्प्यूटर शाखा द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाता हैं।
- माननीय अध्यक्ष महोदय एवं निबन्धक द्वारा समय–समय पर जिलों में कार्यरत अधिकारियों को दिशा निर्देश एवं प्रगति की जानकारी हेतु मंडल में स्थापित वी.सी. कक्ष से वी.सी. का आयोजन किया जाता है।

**11. विभागीय जांच :–**

11.1 राजस्थान तहसीलदार सेवा संवर्ग के अधिकारियों के विरूद्ध विचाराधीन जांच प्रकरणों का विवरण :–

| क्र. सं. | सेवा संवर्ग नियम | दिनांक 31.12.21 को शेष | दिनांक 01.01.22 से 31.12.22 तक दायर | योग | सीसीए नियम 16 व 17 मेंपरिवर्तित | दिनांक 01.01.22 से 31.12.22 तक निर्णित | 31.12.22 को शेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 16 सीसीए | 43 | 20 | 63 | – | 24 | 39 |
| 2 | 17 सीसीए | 12 | 20 | 32 | – | 7 | 25 |
| 3 | प्राथमिकस्तर | 71 | 25 | 96 | – | 1 | 95 |
| 4 | ए.सी.बी. | 164 | 18 | 182 | – | 1 | 181 |
| | **योग** | **290** | **83** | **373** | – | **33** | **340** |

11.2 मण्डल एवं मण्डल के अधीनस्थ कार्यालयों के मंत्रालयिक सेवा संवर्ग के कार्मिकों के विचाराधीन विभागीय जांच प्रकरणों का विवरणः—

| क्र. सं. | सेवा संवर्ग नियम | दिनांक 31.12.2021 को शेष | दिनांक 01.01.22 से 31.12.22 तक दायर | योग | सीसीए नियम 16 व 17 मेंपरिवर्तित | दिनांक 01.01.22 से 31.12.22 तक निर्णित | 31.12.22 को शेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1** | 16 सीसीए | 13 | 3 | 16 | 0 | 0 | 16 |
| **2** | 17 सीसीए | 2 | 2 | 4 | 0 | 1 | 3 |
| **3** | प्राथमिकस्तर | — | — | — | — | — | — |
| **4** | ए.सी.बी. | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| | **योग** | **16** | **5** | **21** | **0** | **1** | **20** |

## 12. पुस्तकालय शाखा :—

राजस्व मण्डल के न्यायिक कार्य को सुचारू रूप से सम्पन्न करने की दृष्टि से मण्डल में पुस्तकालय का गठन किया गया।

पुस्तकालय में कानून व सामान्य दोनों प्रकार की कुल 33519 पुस्तकें हैं, पुस्तकालय में 2022—23 में कानूनी एवं सामान्य कुल 176 पुस्तकें क्रय की गई।

पुस्तकें जारी व जमा करने का कार्य रजिस्टर एवं कम्प्यूटर द्वारा किया जाता हैं। कोर्ट द्वारा कानूनी पुस्तकें चाही जाने पर पुस्तकें स्लिप/अधिवक्ता इश्यू रजिस्टर द्वारा भी उपलब्ध कराई जाती हैं।

अभिभाषकों द्वारा पुस्तकालय से कार्ड जारी कराये जाने पर पुस्तकें जारी की जाने की सुविधा प्रदान की जाती हैं। इसके अतिरिक्त दैनिक समाचार पत्र तथा सभी प्रकार की मैगजीन्स पुस्तकालय में उपलब्ध रहती हैं। पुस्तकालय द्वारा विभिन्न लॉ वीकली मंगाये जाते हैं।

## 13. अभिलेखागार :—

### रिकॉर्ड (न्याय) शाखा

दिनांक 01.01.2022 से 31.12.2022 की अवधि में न्याय शाखा से कन्सांइड निर्णित 2293 पत्रावलियां प्राप्त की गई, जिन्हें जांच/ दर्ज कर सम्बन्धित बस्तों में यथास्थान रखवाया गया । अब तक दिनांक 01.01.2003 से 31.12.2022 तक न्याय शाखा से प्राप्त 84977 पत्रावलियों की जॉच/ दर्ज कर यथास्थान रखवाई गयी । कार्य प्रगति पर है ।

उक्त अवधि में 929 नकलें तैयार कर न्याय शाखा के नकल वितरण कक्ष को प्रेषित की गई ।

53 पत्रावलियां न्याय शाखा के अहलमदगण को सम्बन्धित बैंच में प्रस्तुत करने हेतु ( मांग पत्र के अनुसार ) इश्यू की गई । 12 सूचना का अधिकार अधिनियम प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया ।

आलौच्य अवधि में माननीय उच्च न्यायालय जयपुर व जोधपुर द्वारा कोई भी पत्रावली तलब नहीं की गई । मिसल निरीक्षण प्रार्थना पत्र प्राप्त नहीं हुए ।

उक्त अवधि में माननीय उच्च न्यायालय, जयपुर / जोधपुर व अहलमदगण से 10 पत्रावलियां आवश्यक कार्यवाही पूर्ण होने पर, वापस प्राप्त हुई जिन्हें जॉच/ रिसिवड बैक का इन्द्राज करके यथास्थान रखवाया गया ।

## रिकॉर्ड (सामान्य) शाखा :–

राजस्व मण्डल कार्यालय अजमेर की समस्त शाखाओं (न्याय शाखा के अतिरिक्त) की बन्द पत्रावलियों को प्राप्त कर, जॉच/ दर्ज कर, शाखावार बस्तों मं संधारित करने का कार्य सम्पादित किया जाता है । आलौच्य अवधि में 487 पत्रावलियां जमा की गई । मण्डल की विभीन्न शाखाओं से 28 मांग पत्र आलौच्य अवधि में प्राप्त हुए । मांग पत्रों में चाही गई पत्रावलियां, संबंधित शाखाओं को इश्यू/ जारी की गई ।

48 पत्रावलियां, बाद आवश्यक कार्यवाही संबंधित शाखाओं से पुनः प्राप्त हुई । जिन्हें रिसिवड बैक का इन्द्राज कर, यथास्थान रखवाया गया ।

## रिकॉर्ड वीडिंग

दिनांक 01.01.2003 से 31.12.2022 तक मण्डल की समस्त शाखाओं की बन्द पत्रावलियां जो रिकॉर्ड शाखा मं जमा है अथवा जिनका वीडिंग हेतु समय–समय पर अभियान चला कर कुल 71554 पत्रावलियां नियमानुसार नष्ट करवाई गई ।

## 14. स्टोर शाखा :–

मण्डल कार्यालय में नवीनीकरण के क्रम में सम्पूर्ण कार्यालय परिसर को वातानुकूलित बनाये जाने हेतु सैन्ट्रल कन्ट्रोल एअर कण्डिशनिंग सिस्टम बाबत् वर्ष 2019–20 में राशि रूपये 370.58 लाख आंवटित हुए जिसके अन्तर्गत कार्य प्रगति पर हैं एवं राशि रूपयें 131.48 लाख का व्यय किया जा चुका हैं।

## 15. गोपनीय शाखा :–

मण्डल की गोपनीय शाखा द्वारा वर्ष 2022–23 की अवधि में निम्नानुसार कार्य संपादित किये गये :–

1. राज्य के समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व लेखा संवर्ग, मंत्रालयिक संवर्ग की एसीआर उनकी स्वयं की SSO ID के द्वारा Login कर राजकाज सोफटवेयर के माध्यम आनलाईन किये जाने की व्यवस्था को मण्डल स्तर द्वारा सुचारू रूप से लागू किया जा चुका है ।

2. आनलाईन प्राप्त वाकामू प्रतिवेदनों पूर्ण होने के उपरान्त मण्डल के Bor Intra Website पर एसीआर ग्रेडिंग को Upload करने के पश्चात संबंधित की एसीआर पत्रावलियों मे संलग्न किया गया।

3. राजस्थान प्रशासनिक सेवा संवर्ग के अधिकारियों की एसीआर प्राप्त होने पर निर्धारित चैनल अनुसार अध्यक्ष महोदय से स्वीकारकर्त्ता अधिकारी की टिप्पणी उपरान्त कार्मिक विभाग जयपुर को निर्धारित समय पर भिजवाया गया।

4. राजस्थान प्रशासनिक सेवा संवर्ग के अधिकारियों की एसीआर प्राप्त होने पर निर्धारित चैनल अनुसार अध्यक्ष महोदय से स्वीकारकर्त्ता अधिकारी की टिप्पणी उपरान्त कार्मिक विभाग जयपुर को निर्धारित समय पर भिजवाया गया।

5. तहसीलदार सेवा संवर्ग से राजस्थान प्रशासनिक सेवा संवर्ग की कनिष्ट वेतन श्रंखला पद की डीपीसी 2022–23 हेतु निर्धारित समयावधि मे पात्र तहसीलदारों का गत 9 वर्षो के एसीआर मूल्यांकन का असेसमेंट मण्डल की रातस शाखा/कार्मिक विभाग जयपुर को निर्धारित समयावधि में भिजवाया गया।

6. उपपंजीयक पैनल 2022 हेतु पात्रता सूची अनुसार संबंधित तहसीलदारों की गत 7 वर्षों की एसीआर मूल्यांकन का असेसमेंट मण्डल की रातस शाखा को निर्धारित समयावधि में भिजवाया गया।

7. प्रशासनिक अधिकारी पद की नियमित डीपीसी वर्ष 2021–22, अति. प्रशासनिक पद की वर्ष 16–17 से 20–21 की रिव्यू डीपीसी एवं वर्ष 21–22 की नियमित डीपीसी, सहायक प्रशासनिक पद की नियमित डीपीसी वर्ष 21–22, वरिष्ठ सहायक पद की वर्ष 2014–15 से 2021–22 की रिव्यू डीपीसी एवं वर्ष 22–23 की नियमित डीपीसी हेतु पात्र कार्मिकों की निर्धारित समय में एसीआर का मानचित्र तैयार कर उपनिबन्धक(प्रशासन) प्रशासन को भिजवाया गया।

8. निजी सहायक पद से अतिरिक्त निजी सहायक पद की वर्ष 2022–23 की नियमित डीपीसी, शीघ्रलिपिक पद से निजी सहायक पद की वर्ष 2022–23 की नियमित डीपीसी, निजी सहायक पद के वर्ष 2018–19 के डेफर्ड प्रकरण हेतु पात्र कार्मिकों एवं अतिरिक्त निजी

सचिव पद से निजी सचिव पद की नियमित डीपीसी वर्ष 2022–23 हेतु पात्र कार्मिकों के गत 9 वर्षों के एसीआर मानचित्र तैयार कर प्रशासन शाखा को भिजवाया गया।

9. राजस्व लेखाधिकारी संवर्ग यथा टीआरए से एआरएओ द्वितीय, तथा एआरएओ द्वितीय से एआरएओ प्रथम पद तथा एआरएओ प्रथम से लेखाधिकारी की नियमित डीपीसी 21–22 हेतु पात्र कार्मिकों की निर्धारित समयावधि में एसीआर का मानचित्र तैयार कर अति. निबंधक (वित्त एवं लेखा) को भिजवाया गया।

## 16. कृषि गणना योजना :–

कृषि गणना शत प्रतिशत केन्द्रीय प्रवर्तित योजना ;ब्मदजतंस ैचवदेवतमक ैबीमउमद्ध है। भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के निर्देशन में कृषि गणना का कार्य होता है। राज्य में कृषि गणना का प्रशासनिक विभाग, राजस्व विभाग है। प्रमुख शासन सचिव राजस्व, पदेन कृषि गणना आयुक्त हैं। योजना का क्रियान्वयन निदेशक, कृषि गणना योजना, राजस्व विभाग, जयपुर के कार्यालय द्वारा किया जा रहा है।

**उद्देश्य**

कृषि गणना, कृषि सॉख्यिकी एकत्र करने की व्यापक पद्धति का एक भाग है। कृषि गणना द्वारा कृषि से संबंधित विकास योजनाओं हेतु डेटा एवं भविष्य के कृषि सर्वेक्षणों हेतु प्रचालित जोतधारकों का मूल ढॉचा उपलब्ध करवाना है।

**कार्य प्रणाली**

राज्य में कृषि गणना वर्ष 1970–71 से प्रत्येक पॉच वर्ष पश्चात् की जा रही है। वर्ष 1970–71 से 2015–16 तक दस कृषि गणनाऐं पूर्ण हो चुकी हैं। उक्त गणनाओं के राज्य स्तरीय प्रतिवेदन प्रकाशित कर दिये गये है। कृषि गणना का कार्य तीन चरणों में करवाया जाता है। कृषि गणना के तीनों चरणों का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार हैः–

**प्रथम चरण**

राज्य के समस्त राजस्व ग्रामों की प्रचालित कृषि जोतों एवं उनके क्षेत्रफल की सूचना लिंग (पुरुष व महिला), विभिन्न दस आकार वर्गो, सामाजिक वर्गो (अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य, संस्थागत व समस्त ) एवं जोत के स्तर (एकल, संयुक्त एवं संस्थागत ) अनुसार एकत्रित करवाई जाती है। पटवारियों द्वारा जोतधारकों की संख्या व क्षेत्रफल से संबंधित ग्रामवार सारणी तैयार की जाती है।

**द्वितीय चरण**

द्वितीय चरण अन्तर्गत 20 प्रतिशत चयनित ग्रामों के समस्त निवासी जोतधारकों की निम्न सूचना पटवारियों द्वारा एकत्रित की जाती है :–

1. भूमि धारण का अधिकार।
2. भूमि उपयोग।
3. बागवानी के अलावा अन्य फसलों में बोया गया सिंचित व असिंचित क्षेत्रफल।
4. बागवानी फसलों के अन्तर्गत बोया गया सिंचित व असिंचित क्षेत्रफल।

**तृतीय चरण**

तृतीय चरण अन्तर्गत आदान सर्वेक्षण का कार्य 7 प्रतिशत चयनित ग्रामों में करवाया जाता है। इसमें कृषि आदानों से संबंधित निम्न सूचनायें सॉख्यिकी कर्मचारियों/राजस्व निरीक्षकों से विभिन्न अनुसूचियों में एकत्रित की जाती है :–

1. फसलों के अन्तर्गत सिंचित और असिंचित क्षेत्रफल में रासायनिक खाद, आर्गेनिक खाद और कीटनाशक दवाईयों का उपयोग।
2. कृषि यंत्र।
3. बीज एवं मृदा जॉच।
4. जोत के भूखण्डों की संख्या।
5. सिंचित एवं असिंचित क्षेत्र में बहु फसल।
6. जोतधारक की आयु, परिवार के सदस्यों की संख्या व शैक्षणिक योग्यता।
7. कृषि ऋण

**ग्यारहवीं कृषि गणना 2021–22**

भारत सरकार द्वारा ग्यारहवीं कृषि गणना 2020–21 में होनी थी, जो कोविड–19 व अन्य कारणों से एक वर्ष के लिए स्थगित कर दी गयी, जो अब वर्ष 2021–22 को आधार वर्ष मानकर की जा रही है। जिसमें कृषि वर्ष 2021–22 (जुलाई, 2021 – जून, 2022 तक) की सूचना एकत्रित की जायेगी। उक्त गणना नयी तकनीक (टेबलेट, एनड्राईड मोबाईल फोन, लैपटाप व डैक्सटाप) से करवायी जा रही है। भारत सरकार द्वारा इसके लिए एक "APP" /वैब पोर्टल तैयार किया है, जिसमें ऑनलाईन सूचनाओं/डाटा का संकलन किया जायेगा। भारत सरकार से प्राप्त निर्देशों के अनुसार प्रारम्भिक कार्य किये जा रहे हैं। भारत सरकार को वॉछित सूचनाऐं प्रेषित की जा चुकी है एवं राज्य स्तर व जिला स्तर पर प्रशिक्षण का कार्य पूर्ण हो चुका है।

**वित्तीय स्थिति**

भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा विभिन्न मदों यथा संवेतन, यात्रा व्यय, कार्यालय व्यय, वाहन किराया, मानदेय, कम्प्यूटराईजेशन एवं मुद्रण हेतु सम्पूर्ण राशि उपलब्ध करवाई जाती है ।

इस योजना अन्तर्गत निदेशक–(एक), सॉख्यिकी अधिकारी–(एक), सहायक सॉख्यिकी अधिकारी–(दो), शीघ्र लिपिक, वरिष्ठ सहायक, संगणक, कनिष्ठ सहायक व वाहन चालक के एक–एक पद एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के दो पद स्वीकृत हैं।

कृषि गणना योजना अन्तर्गत कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली के निर्देशानुसार PFMS (Public Finance Management System) से भुगतान करने हेतु राज्य सरकार की सहमति से बैंक में बचत खाता खुलवाया गया है उक्त खाते को PFMS Portal से जोडा गया है। कृषि गणना योजना अन्तर्गत दिनांक 01.01.2022 से दिनांक 31.12.2022 तक राशि रुपये 125.24 लाख का व्यय किया जा चुका है।

## 17. रेशनलाईजेशन ऑफ माईनर इरीगेशन स्टेटिस्टिक्स योजना (लघु सिंचाई गणना)

भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय, के द्वारा वर्ष 1987–88 से राज्य में शत प्रतिशत केन्द्रीय प्रवर्तित योजना (Central Sponsored Scheme) ''रेशनलाईजेशन ऑफ माईनर इरीगेशन स्टेटिस्टिक्स'' कियान्वित की जा रही है । इस योजना के कियान्वयन हेतु राज्य में राजस्व विभाग को नोडल विभाग घोषित किया गया है। प्रमुख शासन सचिव, राजस्व, लघु सिंचाई गणना आयुक्त हैं। योजना का कियान्वयन निदेशक, कृषि गणना योजना, राजस्व विभाग, जयपुर के कार्यालय द्वारा किया जा रहा है ।

इस योजना के अन्तर्गत निश्चित समयावधि के पश्चात् लघु सिंचाई के साधनों की गणना करवाना (जिनका कमाण्ड एरिया 2000 हैक्टेयर तक हो।), लघु सिंचाई योजनाओं के त्रैमासिक एवं वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन तैयार करना एवं मौसमवार विभिन्न फसलों के अन्तर्गत सिंचित क्षेत्र के ऑकडों का संकलन किया जाता है।

रेशनलाईजेशन ऑफ माईनर इरीगेशन स्टेटिस्टिक्स योजना के अन्तर्गत एक मुख्य उद्देश्य लघु सिंचाई के साधनों की गणना करवाना है। जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा प्रथम लघु सिंचाई गणना 1986–87 को आधार वर्ष मानकर करवाई गई, परन्तु प्रशासनिक कारणों से राज्य में यह गणना नहीं हो पाई। राज्य में द्वितीय लघु सिंचाई गणना वर्ष 1993–94 को आधार वर्ष मानकर करवाई गई। इसके पश्चात् राज्य में लघु सिंचाई गणना नियमित रुप से करवाई जा रही है। राज्य में तृतीय लघु सिंचाई गणना कृषि वर्ष 2000–01 को आधार वर्ष मानकर, चतुर्थ लघु सिंचाई गणना कृषि वर्ष 2006–07 को आधार वर्ष मानकर करवाई गई एवं पॉचवीं लघु सिंचाई गणना 2013–14 को आधार वर्ष मानकर करवाई गई। उक्त गणनाओं के राज्य स्तरीय प्रतिवेदन प्रकाशित कर दिये गये है।

**छठी लघु सिंचाई गणना एवं प्रथम जल निकायों की गणना 2017–18 की प्रगति**

जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा राज्य में छठीं लघु सिंचाई गणना, कृषि वर्ष 2017–18 को आधार वर्ष मानकर करवाई गयी है। इस गणना के साथ समस्त भारत में प्रथम बार जल निकायों (Water bodies) की गणना भी करवाई गयी है। छठी लघु सिंचाई गणना का फील्ड कार्य पूर्ण हो गया है। भारत सरकार से प्राप्त सॉफ्टवेयर में डेटा एन्ट्री एवं वेलीडेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वेलीडेट डेटा को प्रोसेसिंग हेतु भारत सरकार को भिजवा दिया गया है।

**वित्तीय स्थिति**

रेशनलाईजेशन ऑफ माईनर इरीगेशन स्टेटिस्टिक्स योजना में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों के वेतन भत्तों आदि पर दिनांक 01.01.2022 से दिनांक 31.12.2022 तक राशि रुपये 49.76 लाख का व्यय किया जा चुका है।

छठीं लघु सिंचाई गणना 2017–18 एवं जल निकायों की प्रथम गणना के लिये भारत सरकार के निर्देशानुसार (SNA) बचत खाता खुलवाया गया है, इस बचत खाते को PFMS पोर्टल से जोडा गया है, इस SNA खाते के साथ राज्य के समस्त 33 जिलों के लिंक खाते खोले गये हैं। लघु सिंचाई एवं जल निकायों की गणना का कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को मानदेय का भुगतान जिलों के माध्यम से करवाया जा रहा है एवं दिनांक 01.01.2022 से 31.12.2022 तक राशि रुपये 116.57 लाख का व्यय किया जा चुका है।

(परिशिष्ट–'अ')

**दिनांक 01.01.2022 से 31.12.2022 तक की अवधि में माननीय अध्यक्ष एवं सदस्यगण एवं निबन्धक के पद पर कार्यरत अधिकारियों का विवरण :–**

| क सं | सदस्य नाम | पद एवं केडर | अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री राजेश्वर सिंह | अध्यक्ष IAS | दिनांक 04.08.21 से निरन्तर |
| 2 | श्री चौथी राम मीणा | सदस्य IAS | दिनांक 20.09.21 से निरन्तर |
| 3 | श्रीमती मंजु राजपाल | सदस्य IAS | दिनांक 30.09.21 से 12.04.22 तक |
| 4 | श्री एम.एल. चौहान | सदस्य IAS | दिनांक 05.01.22 से 17.02.22 तक |
| 5 | श्री खजान सिंह | सदस्य IAS | दिनांक 05.01.22 से निरन्तर |
| 6 | श्री रामदयाल मीणा | सदस्य IAS | दिनांक 13.01.22 से निरन्तर |
| 7 | श्री रामनिवास जाट–I | सदस्य RAS | दिनांक 10.04.19 से निरन्तर |
| 8 | श्री हरि शंकर गोयल | सदस्य RAS | दिनांक 10.05.19 से 31.08.22 तक |
| 9 | श्री सुरेन्द्र माहेश्वरी | सदस्य RAS | दिनांक 10.05.19 से निरन्तर |
| 10 | डॉ. श्रवण कुमार बुनकर | सदस्य RAS | दिनांक 28.02.20 से निरन्तर |
| 11 | श्री भंवर सिंह सान्दू | सदस्य RAS | दिनांक19.05.22 से निरन्तर |
| 12 | श्री भवानी सिंह पालावत | सदस्य RAS | दिनांक 19.05.22 से निरन्तर |
| 13 | श्री लालाराम गूगरवाल | सदस्य RAS | दिनांक 20.05.22 से 06.10.2022 |
| 14 | श्री सत्तार खां | सदस्य RAS | दिनांक 27.05.22 से निरन्तर |
| 15 | श्री गणेश कुमार | सदस्य RHJS | दिनांक 01.04.21 से निरन्तर |
| 16 | श्री पंकज नरूका | सदस्य RHJS | दिनांक 03.06.19 से 28.02.22 तक |
| 17 | श्री अविनाश चौधरी | सदस्य RHJS | दिनांक 07.03.2022 से निरन्तर |
| 18 | श्री सुरेन्द्र कुमार पुरोहित | सदस्य अधिवक्ता संवर्ग | दिनांक 23.01.20 से निरन्तर |
| 19 | श्री रवि डांगी | सदस्य अधिवक्ता संवर्ग | दिनांक 23.01.20 से निरन्तर |
| 20 | डॉ. मोहन लाल यादव | निबंधक IAS | दिनांक 24.09.21 से 12.04.2022 |
| 21 | श्री महावीर प्रसाद | निबंधक IAS | दिनांक 15.04.2022 से निरंतर |

परिशिष्ट–''ब''

| राज्य में राजस्व ईकाईयों की संभागवार एवं जिलेवार सूचना (दिनांक 12.12.2022) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **नाम संभाग** | **नाम जिला** | **कुल तहसीलें** | **कुल उप तहसीलें** | **कुल भू0अ0नि0वृत** | **कुल पटवार मण्डल** | **कुल राजस्व ग्राम** |
| अजमेर | अजमेर | 16 | 8 | 133 | 530 | 1169 |
| | भीलवाड़ा | 16 | 14 | 116 | 466 | 1993 |
| | नागौर | 16 | 9 | 116 | 465 | 1650 |
| | टोंक | 9 | 8 | 82 | 332 | 1222 |
| **योग** | | **57** | **39** | **447** | **1793** | **6034** |
| भरतपुर | भरतपुर | 13 | 10 | 125 | 501 | 1582 |
| | धौलपुर | 7 | 4 | 52 | 209 | 880 |
| | करौली | 9 | 5 | 59 | 244 | 904 |
| | सवाई माधोपुर | 11 | 3 | 67 | 267 | 838 |
| **योग** | | **40** | **22** | **303** | **1221** | **4204** |
| बीकानेर | बीकानेर | 9 | 8 | 77 | 312 | 959 |
| | चूरू | 9 | 6 | 67 | 269 | 920 |
| | श्रीगंगानगर | 10 | 12 | 103 | 400 | 3060 |
| | हनुमानगढ़ | 8 | 9 | 74 | 295 | 1917 |
| **योग** | | **36** | **35** | **321** | **1276** | **6856** |
| जयपुर | जयपुर | 22 | 13 | 154 | 613 | 2457 |
| | अलवर | 22 | 8 | 134 | 532 | 2122 |
| | झुन्झुनू | 11 | 5 | 76 | 300 | 994 |
| | सीकर | 13 | 3 | 86 | 338 | 1215 |
| | दौसा | 15 | 8 | 66 | 263 | 1164 |
| **योग** | | **83** | **37** | **516** | **2046** | **7952** |
| जोधपुर | जोधपुर | 21 | 8 | 108 | 421 | 1975 |
| | बाड़मेर | 18 | 5 | 99 | 404 | 3477 |
| | जैसलमेर | 7 | 5 | 35 | 139 | 872 |
| | जालौर | 10 | 2 | 71 | 285 | 871 |
| | पाली | 10 | 8 | 95 | 378 | 1063 |
| | सिरोही | 6 | 4 | 41 | 165 | 520 |
| **योग** | | **72** | **32** | **449** | **1792** | **8778** |
| कोटा | बून्दी | 6 | 7 | 56 | 233 | 907 |
| | झालावाड़ | 12 | 1 | 80 | 323 | 1640 |
| | कोटा | 6 | 5 | 52 | 207 | 955 |
| | बारां | 8 | 8 | 59 | 237 | 1252 |
| **योग** | | **32** | **21** | **247** | **1000** | **4754** |
| उदयपुर | बांसवाड़ा | 12 | 0 | 78 | 310 | 1550 |
| | चित्तौड़गढ़ | 12 | 6 | 78 | 310 | 1790 |
| | डूंगरपुर | 12 | 2 | 65 | 268 | 1017 |
| | उदयपुर | 18 | 8 | 116 | 481 | 2460 |
| | राजसमन्द | 11 | 4 | 60 | 239 | 1102 |
| | प्रतापगढ़ | 7 | 2 | 47 | 192 | 1020 |
| | **योग** | **72** | **22** | **444** | **1800** | **8939** |
| | **महायोग** | **392** | **208** | **2727** | **10928** | **47517** |

(परिशिष्ट–'स')

## तहसीलों एवं उप–तहसीलों में तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों के स्वीकृत पदों का विवरण

| क.सं. | नाम जिला | तहसीलदार | नायब तहसीलदार |
|---|---|---|---|
| | | स्वीकृत | स्वीकृत |
| 1 | अजमेर | 16 | 24 |
| 2 | अलवर | 22 | 30 |
| 3 | बांसवाडा | 12 | 12 |
| 4 | बांरा | 8 | 16 |
| 5 | बाडमेर | 18 | 23 |
| 6 | भरतपुर | 13 | 23 |
| 7 | भीलवाडा | 16 | 30 |
| 8 | बीकानेर | 9 | 17 |
| 9 | बून्दी | 6 | 13 |
| 10 | चितौड | 12 | 15 |
| 11 | चुरू | 9 | 14 |
| 12 | दौसा | 15 | 23 |
| 13 | धौलपुर | 7 | 10 |
| 14 | डूंगरपुर | 12 | 14 |
| 15 | गंगानगर | 10 | 20 |
| 16 | हनुमानगढ | 8 | 17 |
| 17 | जयपुर | 22 | 35 |
| 18 | जैसलमेर | 7 | 12 |
| 19 | जालौर | 10 | 12 |
| 20 | झालावाड | 12 | 13 |
| 21 | झुंझुंनू | 11 | 16 |
| 22 | जोधपुर | 21 | 29 |
| 23 | करौली | 9 | 13 |
| 24 | कोटा | 6 | 11 |
| 25 | नागौर | 16 | 24 |
| 26 | पाली | 10 | 18 |
| 27 | प्रतापगढ | 7 | 8 |
| 28 | राजसमंद | 11 | 12 |
| 29 | स.माधोपुर | 11 | 14 |
| 30 | सीकर | 13 | 16 |
| 31 | सिरोही | 6 | 10 |
| 32 | टोंक | 9 | 17 |
| 33 | उदयपुर | 18 | 25 |
| योग – | | 392 | 586 |

(परिशिष्ट–'द')

## विभिन्न विभागों में तहसीलदार, उप–पंजीयकों एवं नायब तहसीलदारों के स्वीकृत पदों का विवरण

| क्र.सं. | नाम जिला | तहसीलदार | नायब तहसीलदार |
|---|---|---|---|
| | | स्वी. | स्वी. |
| 1 | उप–पंजीयक (रजिस्ट्रेशन) | 113 | – |
| 2 | निर्वाचन | 13 | 21 |
| 3 | रजिस्ट्रेशन विभाग | – | 13 |
| 4 | भू–प्रबंध विभाग | 37 | – |
| 5 | उपनिवेशन विभाग बीकानेर | 9 | 8 |
| 6 | मंडी विकास समिति,बीकानेर | – | 1 |
| 7 | पटवार ट्रेनिंग स्कूल | 6 | 6 |
| 8 | ए.पी.आर.टी.स्कूल, टोंक | 3 | 3 |
| 9 | यु.आई.टी. | 9 | – |
| 10 | जे.डी.ए., जयपुर | 54 | – |
| 11 | जे.डी.ए. जोधपुर | 4 | – |
| 12 | अजमेर विकास प्रा.अजमेर | 2 | – |
| 13 | रीको, जयपुर | 3 | 2 |
| 14 | संभा.आयुक्त कार्या. | 7 | – |
| 15 | कृ.भू.रूपा.जयपुर | 1 | – |
| 16 | तह.राजस्व मण्डल,अजमेर | 5 | – |
| 17 | आवासन मंडल, जयपुर | 2 | – |
| 18 | राज.स्टेट माईंस मिनरल्स,उदयपुर | 1 | – |
| 19 | रा.स्टेट माईंस,जिप्सम यु.,नागौर | 1 | – |
| 20 | वन बंदोबस्त अधि. | 5 | – |
| 21 | भू.अवा.अधिकारी, सा.नि.वि. | 10 | – |
| 22 | भू.अवा.अधि. इ.गां.न.प. बीकानेर | 1 | – |
| 23 | रा.रा.विघुत वि.निगम लि.,जयपुर | 1 | – |
| 24 | नगर निगम, जयपुर | 2 | – |
| 25 | तह. भू–अभिलेख (जिलों में) | 33 | – |
| 26 | नर्मदा सिंचाई वृत, सांचौर | 1 | – |
| 27 | सी.ए.डी., दीगोद कोटा | 1 | – |
| 28 | देवस्थान उदयपुर | 1 | – |
| 29 | आसूचना निदेशालय जयपुर | 2 | – |
| 30 | ना.तह. वसूली जयपुर/जोधपुर | – | 2 |
| 31 | आरआरटीआई, अजमेर | 3 | 2 |
| 32 | लीव रिर्जव नायब तह. | – | 8 |
| 33 | सरकारी पैरोकार जिलों में | – | 33 |
| 34 | एसओ कम राअअ कार्या. | – | 9 |
| 35 | राजस्व अपील अधि. कार्या. | – | 14 |
| 36 | एसीएम फास्टट्रेक कार्यालय | – | 48 |
| 37 | निर्वाचन / एस.डी.एम. कार्यालय | – | 315 |
| | योग – | 330 | 485 |

**(परिशिष्ट–'य')**

## माननीय अध्यक्ष/सदस्यगणों द्वारा किये गये की निरीक्षणों की सूचना

| क0सं0 | निरीक्षण कर्ता का नाम | निरीक्षण कार्यलय | निरीक्षण दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री पंकज नरूका | उपखण्ड अधिकारी कुम्हेर | 01-07-2022 |
| 2 | श्रीमती मंजू राजपाल | अतिरिक्त कलक्टर जयपुर द्वितीय | 24-01-2022 |
| 3 | | अतिरिक्त कलक्टर जयपुर तृतीय | 25-01-2022 |
| 4 | | उपखण्ड अधिकारी जयपुर प्रथम | 27-01-2022 |
| 5 | | उपखण्ड अधिकारी सांगानेर–द्वितीय | 28-01-2022 |
| 6 | गणेश कुमार | अतिरिक्त जिला कलक्टर झुन्झुनू | 02-07-2022 |
| 7 | | उपखण्ड अधिकारी झुन्झुनू | 02-08-2022 |
| 8 | श्री रवि डांगी | उपखण्ड अधिकारी माउण्ट आबू | 02-03-2022 |
| 9 | | तहसीलदार आबूरोड | 02-04-2022 |
| 10 | श्री सुरेन्द्र कुमार पुरोहित | उपखण्ड अधिकारी बीकानेर | 17-02-2022 |
| 11 | | अतिरिक्त कलक्टर बीकानेर | 18-02-2022 |
| 12 | श्री श्रवण कुमार बुनकर | उपखण्ड अधिकारी डुंगरपुर | 22-02-2022 |
| 13 | | उपखण्ड अधिकारी आसपुर | 23-02-2022 |
| 14 | | तहसीलदार आसपुर | 23-02-2022 |
| 15 | | उपखण्ड अधिकारी सागवाडा | 23-02-2022 |
| 16 | | अतिरिक्त जिला कलक्टर बांसवाडा | 24-02-2022 |
| 17 | | उपखण्ड अधिकारी बांसवाडा | 24-02-2022 |
| 18 | | उपखण्ड अधिकारी घाटोल | 24-02-2022 |
| 19 | | अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रतापगड | 25-02-2022 |
| 20 | | उपखण्ड अधिकारी प्रतापगड | 25-02-2022 |
| 21 | | उपखण्ड अधिकारी छोटी सादडी | 25-02-2022 |
| 22 | | तहसीलदार सागवाडा | 23-02-2022 |
| 23 | | तहसीलदार पीपलखुंट | 24-02-2022 |
| 24 | श्री रामनिवास जाट | एसओ कम आरएए टोंक | 17-02-2022 |
| 25 | | उपखण्ड अधिकारी देवली | 18-02-2022 |
| 26 | श्री रामदयाल मीणा | उपखण्ड अधिकारी बारां | 14-03-2022 |
| 27 | | अतिरिक्त कलक्टर बारां | 15-03-2022 |
| 28 | | उपखण्ड अधिकारी अटरू बारां | 16-03-2022 |
| 29 | श्री हरि शंकर गोयल | आर ए ए कोटा | 04-12-2022 |
| 30 | | एसओ कम आरएए कोटा | 13-04-2022 |
| 31 | श्री गणेश कुमार | सहायक कलक्टर सीकर–प्रथम | 04-11-2022 |
| 32 | | सहायक कलक्टर सीकर–द्वितीय | 04-12-2022 |
| 33 | | सहायक कलक्टर दातारामगढ सीकर | 13-04-2022 |
| 34 | श्रीमती मंजू राजपाल | उपखण्ड अधिकारी दौसा | 04-04-2022 |
| 35 | | सहायक कलक्टर दौसा | 04-05-2022 |
| 36 | | अतिरिक्त कलक्टर दौसा | 04-06-2022 |
| 37 | श्री सुरेन्द्र कुमार पुरोहित | उपखण्ड अधिकारी खाजूवाला बीकानेर | 04-12-2022 |
| 38 | | उपखण्ड अधिकारी पुंगल | 04-12-2022 |
| 39 | | उपखण्ड अधिकारी नोखा | 04-11-2022 |
| 40 | | आर ए ए बीकानेर | 13-04-2022 |
| 41 | श्री राजेश्वर सिंह, अ0 महोदय | कलक्टर उदयपुर | 04-06-2022 |
| 42 | | यंभागीय आयुक्त उदयपुर | 04-07-2022 |
| 43 | श्री सुरेन्द्र माहेश्वरी | आर ए ए बाडमेर | 04-12-2022 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 44 | | उपखण्ड अधिकारी बायतू बाडमेर | 13-04-2022 |
| 45 | श्री सुरेन्द्र कुमार पुरोहित | उपखण्ड अधिकारी कोलायत | 05-09-2022 |
| 46 | | उपखण्ड अधिकारी बज्जू | 05-09-2022 |
| 47 | | उपखण्ड अधिकारी डुगरगढ | 05-10-2022 |
| 48 | श्री राजेश्वर सिंह, अ0 महोदय | कलक्टर सिरोही | 05-11-2022 |
| 49 | | कलक्टर जालोर | 05-11-2022 |
| 50 | | आर ए ए जोधपुर | 13-05-2022 |
| 51 | श्री रवि डांगी | तहसीलदार देसूरी | 23-05-2022 |
| 52 | | तहसीलदार पाली | 24-05-2022 |
| 53 | | तहसीलदार रोहट | 25-05-2022 |
| 54 | | उपखण्ड अधिकारी सोजत | 26-05-2022 |
| 55 | श्री खजान सिंह | उपखण्ड अधिकारी सवाई माधोपुर | 06-09-2022 |
| 56 | | अतिरिक्त कलक्टर सवाई माधोपुर | 06-10-2022 |
| 57 | | आर ए ए सवाई माधोपुर | 06-10-2022 |
| 58 | श्री गणेश कुमार | उपखण्ड अधिकारी सीकर | 20-06-2022 |
| 59 | | उपखण्ड अधिकारी लक्ष्मणगड | 21-06-2022 |
| 60 | | उपखण्ड अधिकारी धोद | 22-06-2022 |
| 61 | श्री रामनिवास जाट | अतिरिक्त जिला कलक्टर भीलवाडा | 29-06-2022 |
| 62 | | उपखण्ड अधिकारी भीलावडा | 29-06-2022 |
| 63 | | उपखण्ड अधिकारी फुलियांकला | 30-06-2022 |
| 64 | | तहसीलदार फुलियांकला | 30-06-2022 |
| 65 | | आर ए ए नागौर | 07-01-2022 |
| 66 | | अतिरिक्त जिला कलक्टर नागौर | 07-01-2022 |
| 67 | श्री रवि डांगी | उपखण्ड अधिकारी शाहपुरा | 14-07-2022 |
| 68 | | तहसीलदार हमीरगढ | 15-07-2022 |
| 69 | श्री सुरेन्द्र माहेश्वरी | उपखण्ड अधिकारी बालेसर जोधपुर | 21-07-2022 |
| 70 | | उपखण्ड अधिकारी बिलाडा | 22-07-2022 |
| 71 | श्री रामदयाल मीणा | उपखण्ड अधिकारी किशनगंज बांरा | 28-7-2022 |
| 72 | | उपखण्ड अधिकारी शाहबाद | 29-07-2022 |
| 73 | श्री श्रवण कुमार बुनकर | उपखण्ड अधिकारी बिच्छीवाढा | 26-07-2022 |
| 74 | | तहसीलदार बिच्छीवाडा | 26-07-2022 |
| 75 | | तहसीलदार डुगरपुर | 27-07-2022 |
| 76 | | उपखण्ड अधिकारी सीमलवाडा | 27-07-2022 |
| 77 | | तहसीलदार सीमलवाडा | 27-07-2022 |
| 78 | | उपखण्ड अधिकारी गलियाकोट | 28-07-2022 |
| 79 | | तहसीलदार गलियाकोट | 28-07-2022 |
| 80 | | उपखण्ड अधिकारी गडी | 28-07-2022 |
| 81 | | तहसीलदार गडी | 28-07-2022 |
| 82 | | उपखण्ड अधिकारी बागीदौरा | 29-07-2022 |
| 83 | | तहसीलदार बागीदौरा | 29-07-2022 |
| 83(1) | | तहसीलदार अरथुरा | 28-07-2022 |
| 83(2) | | तहसीलदार बांसवाडा | 29-07-2022 |
| 84 | श्री भवानी सिंह पालावत | उपखण्ड अधिकारी बानसूर | 25-07-2022 |
| 85 | | तहसीलदार बानसूर | 25-07-2022 |
| 86 | | सहायक कलक्टर बानसूर | 26-07-2022 |
| 87 | श्री राजेश्वर सिंह, अ0 महोदय | आर ए ए पाली | 25-07-2022 |
| 88 | | कलक्टर पाली | 26-07-2022 |
| 89 | श्री रवि डांगी | उपखण्ड बनेडा | 29-07-2022 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 90 | श्री सी0आर0 मीणा | अतिरिक्त जिला कलक्टर राजसमन्द | 08-01-2022 |
| 91 | | उपखण्ड अधिकारी राजसमन्द | 08-01-2022 |
| 92 | | अतिरिक्त जिला कलक्टर चित्तौडगढ | 08-12-2022 |
| 93 | | उपखण्ड अधिकारी चित्तौडगढ | 08-12-2022 |
| 94 | श्री लालाराम गुगरवाल | उपखण्ड अधिकारी सुजानगड | 08-05-2022 |
| 95 | श्री रामदयाल मीणा | उपखण्ड अधिकारी भवानीमण्डी | 08-08-2022 |
| 96 | | उपखण्ड अधिकारी खानपुर | 08-12-2022 |
| 97 | श्री भवानी सिंह पालावत | उपखण्ड अधिकारी बहरोड | 17-08-2022 |
| 98 | | तहसीलदार बहरोड | 17-08-2022 |
| 99 | | सहायक कलक्टर बहरोड | 18-08-2022 |
| 100 | श्री रवि डांगी | उपखण्ड अधिकारी माण्डलगढ | 18-08-2022 |
| 101 | श्री सत्तार खां | उपखण्ड अधिकारी जयपुर प्रथम | 25-08-2022 |
| 102 | | तहसीलदार जयपुर | 26-08-2022 |
| 103 | श्री गणेश कुमार | उपखण्ड अधिकारी श्रीमाधोपुर | 31-08-2022 |
| 104 | | उपखण्ड अधिकारी बुहाना | 09-01-2022 |
| 105 | | उपखण्ड अधिकारी उदयपुरवाटी | 09-02-2022 |
| 106 | श्री रवि डांगी | उपखण्ड अधिकारी कोटडी | 09-02-2022 |
| 107 | श्री लालाराम गुगरवाल | उपखण्ड अधिकारी रतनगढ | 15-09-2022 |
| 108 | | अतिरिक्त जिला कलक्टर हनुमानगड | 16-09-2022 |
| 109 | श्री सुरेन्द्र माहेश्वरी | उपखण्ड अधिकारी गडरारोड | 22-09-2022 |
| 110 | | उपखण्ड अधिकारी चौहटन | 22-09-2022 |
| 111 | | उपखण्ड अधिकारी सिणधरी | 23-09-2022 |
| 112 | श्री सुरेन्द्र कुमार पुरोहित | उपखण्ड अधिकारी छतरगढ | 28-09-2022 |
| 113 | | उपखण्ड अधिकारी लूणकरणसर | 29-09-2022 |
| 114 | | अति0 संभागीय आयुक्त बीकानेर | 30-09-2022 |
| 115 | श्री भवानी सिंह पालावत | उपखण्ड अधिकारी मुण्डावर | 22-09-2022 |
| 116 | | तहसीलदार मूण्डावर | 22-09-2022 |
| 117 | | सहायक कलक्टर मूण्डावर | 23-09-2022 |
| 118 | श्री सत्तार खां | उपखण्ड अधिकारी जमवारामगड | 27-09-2022 |
| 119 | | तहसीलदार जमवारामगढ | 28-09-2022 |
| 120 | श्री भवानी सिंह पालावत | तहसीलदार नीमराणा | 10-06-2022 |
| 121 | | उपखण्ड अधिकारी नीमराणा | 10-07-2022 |
| 122 | श्री रवि डांगी | तहसीलदार भीलवाडा | 10-04-2022 |
| 123 | | उपखण्ड अधिकारी गंगापुरसिटी | 10-06-2022 |
| 124 | | उपखण्ड अधिकारी हमीरगढ | 10-07-2022 |
| 125 | श्री भंवर सिंह सांदू | उपखण्ड अधिकारी जालोर | 10-06-2022 |
| 126 | | उपखण्ड अधिकारी पाली | 10-07-2022 |
| 127 | श्री सी0आर0 मीणा | उपखण्ड अधिकारी कुम्भलगढ | 10-06-2022 |
| 128 | | तहसीलदार कुम्भलगड | 10-07-2022 |
| 129 | श्री खजान सिंह | उपखण्ड अधिकारी हिण्डौनसिटी | 13-10-2022 |
| 130 | | अतिरिक्त जिला कलक्टर करौली | 14-10-2022 |
| 131 | | उपखण्ड अधिकारी करौली | 14-10-2022 |
| 132 | श्री रामनिवास जाट | अतिरिक्त जिला कलक्टर अजमेर | 19-10-2022 |
| 133 | | उपखण्ड अधिकारी ब्यावर | 19-10-2022 |
| 134 | | तहसीलदार टाटगढ | 19-10-2022 |
| 135 | | उपखण्ड अधिकारी नागौर | 20-10-2022 |
| 136 | | उपखण्ड अधिकारी परबतसर | 20-10-2022 |
| 137 | | तहसीलदार नागौर | 20-10-2022 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 138 | श्री श्रवण कुमार बुनकर | तहसीलदार छोटी सादडी | 15-11-2022 |
| 139 | | तहसीलदार प्रतापगढ | 15-11-2022 |
| 140 | | उपखण्ड अधिकारी धरियावद | 15-11-2022 |
| 141 | | तहसीलदार धरियावद | 15-11-2022 |
| 142 | | उपखण्ड अधिकारी अरनोद | 16-11-2022 |
| 143 | | तहसीलदार अरनोद | 16-11-2022 |
| 144 | | उपखण्ड अधिकारी पीपलखुेट | 16-11-2022 |
| 145 | | तहसीलदार धाटोल | 17-11-2022 |
| 146 | | उपखण्ड अधिकारी कुशलगढ | 17-11-2022 |
| 147 | | तहसीलदार कुशलगड | 17-11-2022 |
| 148 | | उपखण्ड अधिकारी सज्ज्नगड | 17-11-2022 |
| 149 | | तहसीलदार सज्जनगढ | 17-11-2022 |
| 150 | | उपखण्ड अधिकारी आनन्दपुरी | 17-11-2022 |
| 151 | | तहसीलदार आनन्दपुरी | 17-11-2022 |
| 152 | | उपखण्ड अधिकारी चिखली | 18-11-2022 |
| 153 | | तहसीलदार चिखली | 18-11-2022 |
| 154 | | उपखण्ड अधिकारी साबला | 18-11-2022 |
| 155 | | तहसीलदार साबला | 18-11-2022 |
| 156 | श्री भवानी सिंह पालावत | तहसीलदार महूवा | 11-03-2022 |
| 157 | | उपखण्ड अधिकारी महुवा | 11-03-2022 |
| 158 | | तहसीलदार मण्डावर | 11-04-2022 |
| 159 | | उपखण्ड अधिकारी मण्डावर | 11-04-2022 |
| 160 | श्री सत्तार खां | तहसीलदार चौमू | 11-09-2022 |
| 161 | | सहायक कलक्टर चौमू | 11-10-2022 |
| 162 | | उपखण्ड अधिकारी चौमू | 11-11-2022 |
| 163 | श्री सुरेन्द्र माहेश्वरी | उपखण्ड अधिकारी भणियाना | 17-11-2022 |
| 164 | | उपखण्ड अधिकारी पोकरण | 17-11-2022 |
| 165 | | उपखण्ड अधिकारी देचू | 18-11-2022 |
| 166 | श्री सुरेन्द्र कुमार पुरोहित | उपखण्ड अधिकारी सूरतगढ | 30-11-2022 |
| 167 | | उपखण्ड अधिकारी धडसाणा | 12-01-2022 |
| 168 | | उपखण्ड अधिकारी अनूपगढ | 12-02-2022 |
| 169 | श्री गणेश कुमार | उपखण्ड अधिकारी श्रीमाधोपुर | 22-11-2022 |
| 170 | | उपखण्ड अधिकारी सुजानगड | 23-11-2022 |
| 171 | | उपखण्ड अधिकारी उदयपुरवाटी | 24-11-2022 |
| 172 | | सहायक कलक्टर खण्डेला | 25-11-2022 |
| 173 | श्री रामदयाल मीणा | उपखण्ड अधिकारी अन्ता | 18-11-2022 |
| 174 | | उपखण्ड अधिकारी अकलेरा | 25-11-2022 |
| 175 | श्री रवि डांगी | तहसीलदार बनेडा | 23-11-2022 |
| 176 | | उपखण्ड अधिकारी माण्डल | 24-11-2022 |
| 177 | | तहसीलदार शाहपुरा | 25-11-2022 |
| 178 | श्री अविनाश चौधरी | उपखण्ड अधिकारी नदबई | 25-11-2022 |

(परिशिष्ट–'र')

## राज्य के समस्त राजस्व न्यायालयों की न्यायालयवार लम्बित, निस्तारित व शेष वादों की स्थिति (अवधि 01.01.2022 से 31.12.2022 तक)

| Sr. No. | Court Type | Pending (Opening Balance as on 01-01-2022) | Registered Cases | Total Registered | Total Decided | Remainig Cases |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | संभागीय आयुक्त | 8436 | 2131 | 10567 | 1002 | 9565 |
| 2 | अतिरिक्त संभागीय आयुक्त | 3678 | 1810 | 5488 | 1044 | 4444 |
| 3 | राजस्व अपील अधिकारी | 20502 | 5033 | 25535 | 3362 | 22173 |
| 4 | भू-प्रबंध अधिकारी पदेन राजस्व अपील अधिकारी | 10921 | 2230 | 13151 | 1642 | 11509 |
| 5 | जिला कलेक्टर | 12914 | 10822 | 23736 | 9907 | 13829 |
| 6 | अतिरिक्त जिला कलेक्टर | 21951 | 7493 | 29444 | 6553 | 22891 |
| 7 | उपखंड अधिकारी | 342758 | 90991 | 433749 | 61159 | 372590 |
| 8 | सहायक कलेक्टर | 29972 | 7753 | 37725 | 5865 | 31860 |
| 9 | सहायक कलेक्टर (FT) | 29502 | 5328 | 34830 | 5189 | 29641 |
| 10 | तहसीलदार | 7731 | 1762 | 9493 | 1313 | 8180 |
| 11 | नायब तहसीलदार | 4644 | 394 | 5038 | 250 | 4788 |
| 12 | उपनिवेशन | 1643 | 2 | 1645 | 0 | 1645 |
| **Grand Total** | | **494652** | **135749** | **630401** | **97286** | **533115** |

(परिशिष्ट–'ल')

**Generalized Court Management System - Revenue**
**Member Wise Bench Wise Disposal**

| Member Name | Total | एस. बी राजस्व मण्डल | डी. बी. राजस्व मण्डल | डी. बी. (जयपुर) | एस. बी (जयपुर) | एस. बी (जोधपुर) | एस. बी (उदयपुर) | एस. बी (कोटा) | एस. बी (बीकानेर) | एस. बी (भरतपुर) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्री राजेश्वर सिंह, अध्यक्ष | 230 | 2 | 143 | 85 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| मंजू राजपाल, सदस्य | 56 | 18 | 21 | 0 | 17 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| श्री सी. आर. मीना, सदस्य | 603 | 325 | 262 | 7 | 3 | 0 | 2 | 4 | 0 | 0 |
| श्री रामदयाल मीणा, सदस्य | 506 | 270 | 203 | 0 | 0 | 2 | 6 | 24 | 1 | 0 |
| श्री खजान सिंह, सदस्य | 546 | 298 | 219 | 2 | 23 | 0 | 1 | 0 | 2 | 1 |
| श्री एम.एल. चौहान, सदस्य | 21 | 4 | 17 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| श्री हरि शंकर गोयल, सदस्य | 278 | 180 | 89 | 8 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| श्री सुरेन्द्र माहेश्वरी, सदस्य | 811 | 627 | 163 | 1 | 7 | 10 | 0 | 3 | 0 | 0 |
| श्री रामनिवास जाट-1, सदस्य | 810 | 489 | 244 | 26 | 51 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| श्री गणेश कुमार, सदस्य | 600 | 255 | 248 | 26 | 53 | 9 | 8 | 0 | 1 | 0 |
| श्री पंकज नरूका, सदस्य | 60 | 37 | 15 | 2 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| श्री सुरेन्द्र कुमार पुरोहित, | 599 | 455 | 124 | 0 | 0 | 4 | 0 | 0 | 16 | 0 |
| श्री रवि डांगी, सदस्य | 386 | 216 | 160 | 0 | 5 | 0 | 0 | 5 | 0 | 0 |
| डॉ. श्रवण कुमार बुनकर, | 882 | 500 | 176 | 20 | 61 | 62 | 39 | 0 | 13 | 11 |
| श्री भँवर सिंह सान्दू, सदस्य | 308 | 168 | 140 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| श्री भवानी सिंह पालावत, सदस्य | 352 | 196 | 147 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 9 | 0 |
| श्री लालाराम गुगरवाल, सदस्य | 112 | 52 | 59 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| श्री सत्तार खान, सदस्य | 293 | 149 | 114 | 12 | 18 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| श्री अविनाश चौधरी, सदस्य | 593 | 393 | 177 | 5 | 18 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| **Grand Total** | **8046** | **4634** | **2721** | **194** | **261** | **87** | **56** | **36** | **42** | **15** |

**नोटः– 1. खण्डपीठ(डी.बी.) के निस्तारित प्रकरणों की संख्या आधी समझी/मानी जावे, जिससे कुल निस्तारित प्रकरणों की संख्या 6588 हो जाती है।**

(परिशिष्ट–'व')

# Revenue court Manual System

# Act / Year Wise Pending Cases

| Year | Total Cases | राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 | टीनेंसी एक्ट, 1955 | सीलिंग अधिनियम 1973 | कोलोनाईजेशन एक्ट 1945 | डायरेक्टर लैंड रिकॉर्ड | पब्लिक डिमांड रिकवरी एक्ट, 1952 | एसचीट एक्ट,1956 | जमींदारी बिस्वेदारी अधिनियम 1959 | जागीर/एबोलेशन एक्ट, 1959 | लैण्ड रिफार्म ए एल आ ई 1963 | फोरेस्ट एक्ट 1953 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1976 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 1997 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 1998 | 8 | 6 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 1999 | 11 | 4 | 5 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2000 | 64 | 27 | 25 | 10 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2001 | 182 | 70 | 91 | 13 | 6 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2002 | 395 | 129 | 223 | 34 | 4 | 0 | 2 | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 |
| 2003 | 787 | 209 | 517 | 30 | 26 | 0 | 1 | 3 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 2004 | 830 | 247 | 541 | 17 | 20 | 1 | 1 | 0 | 1 | 2 | 0 | 0 |
| 2005 | 1464 | 403 | 993 | 39 | 22 | 2 | 2 | 0 | 0 | 1 | 2 | 0 |
| 2006 | 2467 | 831 | 1534 | 62 | 32 | 2 | 4 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 2007 | 3761 | 1853 | 1645 | 86 | 147 | 19 | 5 | 2 | 1 | 2 | 0 | 1 |
| 2008 | 3417 | 1265 | 1972 | 85 | 87 | 0 | 6 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 2009 | 3013 | 1394 | 1485 | 64 | 61 | 0 | 2 | 1 | 0 | 1 | 4 | 1 |
| 2010 | 2630 | 923 | 1563 | 82 | 51 | 3 | 1 | 1 | 0 | 0 | 6 | 0 |
| 2011 | 3207 | 1138 | 1925 | 73 | 69 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2012 | 4179 | 1702 | 2288 | 24 | 136 | 3 | 14 | 1 | 0 | 4 | 0 | 7 |
| 2013 | 2614 | 1155 | 1322 | 20 | 109 | 0 | 4 | 1 | 0 | 2 | 0 | 1 |
| 2014 | 3128 | 1364 | 1512 | 12 | 233 | 2 | 4 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 2015 | 3346 | 969 | 2207 | 20 | 146 | 0 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 2016 | 3666 | 1239 | 2128 | 24 | 261 | 0 | 2 | 7 | 0 | 5 | 0 | 0 |
| 2017 | 3829 | 1284 | 2404 | 19 | 118 | 0 | 2 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 |
| 2018 | 4714 | 1837 | 2672 | 30 | 172 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2019 | 4632 | 1570 | 2940 | 14 | 105 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 |
| 2020 | 3153 | 1196 | 1859 | 33 | 60 | 1 | 0 | 0 | 0 | 4 | 0 | 0 |
| 2021 | 4365 | 1302 | 2972 | 31 | 59 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2022 | 6045 | 1688 | 4237 | 39 | 68 | 2 | 6 | 1 | 0 | 3 | 1 | 0 |
| **Grand Total** | **65909** | **23806** | **39063** | **863** | **1994** | **36** | **66** | **20** | **6** | **29** | **15** | **11** |

(परिशिष्ट–'स')

**वर्ष 2022 में कुल 4 लोक अदालतों का आयोजन किया गया जिसके माध्यम से निम्नानुसार समझौते/निस्तारण किये गये**

| वर्ष 2022 में आयोजित लोक अदालतों का विवरण | प्रथम लोक अदालत दिनांक 12.03.2022 | द्वितीय लोक अदालत दिनांक 14.05.2022 | तृतीय लोक अदालत दिनांक 13.08.2022 | चतुर्थ लोक अदालत दिनांक 12.11.2022 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| निस्तारित प्रकरणों की संख्या | 167 | 84 | 18 | 53 | 322 |

Contact Us :

Website : https://landrevenue.rajasthan.gov.in/bor# • Email : bor-rj@nic.in